राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 आई पी एल से इस साल भी ...

यूपी बिहार का फॉर्मूला लगभग तैयार... 12

वर्ष : 14 | अंक : 290 | नई दिल्ली, रविवार, 03 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 22°C
न्यूनतम तापमान 21°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 40% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 15% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 64,580 |
| चांदी | 76,500 |
| सेंसेक्स | 73,745 |
| निफ्टी | 22,338 |

## संक्षिप्त खबरें

### जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव न लड़ने की इच्छा जताई

नई दिल्ली। पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जयंत सिन्हा ने आगामी लोकसभा चुनाव न लड़ने की इच्छा जताई और कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं। सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से ''प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों'' से उन्हें मुक्त करने का 'अनुरोध' किया है ताकि वह अपना पूरा ध्यान भारत और पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित कर सकें। उन्होंने कहा,'' यकीनन मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा।'' भाजपा नेता ने अपने पोस्ट में कहा, ''मुझे पिछले दस वर्षों में भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला। इसके अलावा मुझे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, माननीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा नेतृत्व ने कई अवसर दिए। सभी का हृदय से आभार। जय हिन्द।''

### बेंगलुरु कैफे में विस्फोट के बाद दिल्ली पुलिस सतर्क

नई दिल्ली। बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां में शुक्रवार को कम तीव्रता का बम विस्फोट होने से कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घायलों में रेस्तरां कर्मचारी एवं ग्राहक शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि जिला पुलिस प्रमुखों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों, खासकर दिल्ली के बाजारों में निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाजार संघों को सतर्क रहने और कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर स्थानीय पुलिस से संपर्क करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि इन संघों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया है कि परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हों।

# खरगे और जयराम रमेश पर भड़के नितिन गडकरी, नोटिस भेजकर बोले माफी मांगें

प्रात : किरण/एजेंसी

नागपुर। कांग्रेस के एक्स हैंडल से किए गए एक पोस्ट पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भड़क गए हैं। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे और जयराम रमेश को नोटिश भेजकर माफी मांगने को कहा है। दरअसल, कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से गडकरी के इंटरव्यू के एक अंश को लिखते हुए कहा, आज गांव, गरीब, मजदूर और किसान दुखी हैं। गावों में अच्छे रोड नहीं, पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं, अच्छे अस्पताल नहीं, अच्छे स्कूल नहीं हैं। मोदी सरकार के मंत्री नितिन गडकरी। केंद्रीय मंत्री ने इसी को लेकर नोटिस भेजा है। इस मामले में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस



महासचिव जयराम रमेश को कानूनी नोटिस भेजकर उनके बयान से छेड़छाड़ कर लोगों को गुमराह करने के लिए माफी मांगने को कहा है। गडकरी के वकील बालेंदु शेखर ने कहा कि उनके मुवक्किल माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से सामग्री और पोस्ट के बारे में जानकर, सुनकर और देखकर हैरान रह गए। वकील ने कहा, खरगे और रमेश ने जानबूझकर एक एक समाचार पोर्टल को दिए गए गडकरी के इंटरव्यू की 19 सेकंड की वीडियो क्लिप पोस्ट की, जिसमें उनके शब्दों के प्रासंगिक इरादे और अर्थ को छुपाया गया। नोटिस में कहा गया है कि जनता की नजरों में गडकरी के प्रति भ्रम, सनसनी और बदनामी पैदा करने के एकमात्र इरादे और गुप्त उद्देश्य से एक भयावह कृत्य किया गया है। इसमें आगे कहा गया है कि यह भारतीय जनता पार्टी की एकजुटता में दरार पैदा करने का एक निरर्थक प्रयास भी है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी आम चुनाव में लोगों का विश्वास जीतने के लिए तैयार है।नोटिस में आगे कहा गया है कि नितिन गडकरी के इंटरव्यू को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और उस वीडियो को अपलोड करके दशार्या गया जो प्रासंगिक अर्थ से परे है।

# मोदी ने बंगाल को 15,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

प्रात : किरण/एजेंसी

कृष्णानगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने नादिया जिले के कृष्णानगर में आज एक आधिकारिक समारोह में इन परियोजनाओं का अनावरण किया।

उन्होंने कहा कि परियोजनाओं से बंगाल को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और अधिक निवेश आएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण के लिए राज्य को बिजली पर आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है जो औद्योगिक विकास, रेलवे नेटवर्क और प्रौद्योगिकियों में मदद करती है। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें बंगाल में 11,000 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कभी अत्यधिक विकसित रहे बंगाल ने भारत के स्वतंत्र होने के तुरंत बाद उपेक्षा के कारण धीरे-धीरे अपना महत्व खो दिया। श्री मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के आरामबाग में 7200 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं रेल, बंदरगाह, तेल पाइपलाइन, एलपीजी आपूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं।

उन्होंने कहा कि बंगाल पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार है और इसी के रास्ते पूर्वोत्तर भारत का विकास भी संभव है। प्रधानमंत्री ने पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर में स्थित रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन चरण क्क(2 गुणा 660 मेगावाट) का उद्घाटन और शिलान्यास किया। दामोदर घाटी निगम की यह कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना अत्यधिक कुशल एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है। नया प्लांट देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम होगा। इसके अतिरिक्त, मेजिया थर्मल पावर स्टेशन की यूनिट सात और आठ की ग्रिप गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) प्रणाली पर आधारित होगी। लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत से विकसित, एफजीडी प्रणाली ग्रिप गैसों से सल्फर डाइऑक्साइड को हटा देगी, स्वच्छ ग्रिप गैस का उत्पादन करेगी और जिप्सम बनाएगी, जिसका उपयोग सीमेंट उद्योग में किया जा सकता है।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-12) (100 किमी) के फरक्का-रायगंज खंड के चार लेन की सड़क परियोजना का भी अनावरण किया। लगभग 1,986 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह परियोजना यातायात की भीड़ को कम करेगी, कनेक्टिविटी में सुधार करेगी और उत्तर बंगाल तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देगी। प्रधानमंत्री ने 940 करोड़ रुपये से अधिक की चार रेल परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं, जिनमें दामोदर-मोहिशिला रेल लाइन के दोहरीकरण की परियोजना, रामपुरहाट और मुरारई के बीच तीसरी लाइन, बाजारसौ-अजीमगंज रेल लाइन का दोहरीकरण, और अजीमगंज और मुर्शिदाबाद को जोड़ने वाली एक नई लाइन भी शामिल है। ये परियोजनाएं रेल कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी, माल ढुलाई की सुविधा प्रदान करेंगी और क्षेत्र में आर्थिक और औद्योगिक विकास में योगदान देंगी।



## मोदी ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, बंगाल में लोकसभा की सभी 42 सीट जीतने का रखा लक्ष्य

कृष्णानगर (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया। उन्होंने पार्टी समर्थकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राज्य के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का चुनाव चिह्न ''कमल खिले।'' प्रधानमंत्री ने संदेशखालि की घटनाओं का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में ''परेशान माताओं और बहनों'' का समर्थन करने के बजाय राज्य सरकार ने आरोपियों का पक्ष लिया। संदेशखालि में महिलाओं ने कुछ तृणमूल नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। मोदी ने कहा, ''पश्चिम बंगाल के लोग राज्य सरकार के कामकाज के तरीके से निराश हैं। उन्होंने बड़ी उम्मीदों के साथ टीएमसी को बार-बार इतना बड़ा जनादेश दिया है, लेकिन पार्टी अत्याचार, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है। टीएमसी की प्राथमिकता राज्य का विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद है।''

# 18 महीने बाद मंच पर पीएम मोदी व सीएम नीतीश फिर एक साथ

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के दौरे पर हैं। इसी दौरे के क्रम में पीएम मोदी आज बिहार पहुंचेंगे। पीएम मोदी दिन में गया एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनका स्वागत करेंगे। बता दें कि 5 दिनों के अंदर में पीएम मोदी दो बार बिहार के दौरे पर रहेंगे। शनिवार को औरंगाबाद और बेगूसराय के ठीक बाद 6 मार्च को वह बेतिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां से पीएम मोदी और नीतीश कुमार दोनों हेलिकॉप्टर से औरंगाबाद के लिए रवाना होंगे। फिर औरंगाबाद से पीएम मोदी नीतीश कुमार के साथ बेगूसराय के लिए रवाना होंगे। बता दें कि बिहार में महागठबंधन का दामन छोड़ नीतीश कुमार एनडीए के साथ आए और सरकार का गठन किया है। इससे पहले वह बिहार में महागठबंधन के दलों के साथ सरकार चला रहे थे। ऐसे में 18 महीनों में पहली बार होगा जब पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक साथ सार्वजनिक मंच पर होंगे। हालांकि इससे पहले बिहार में एनडीए यानी भाजपा और अन्य समर्थक दलों के साथ मिलकर 9वीं बार सीएम पद की शपथ लेने वाले नीतीश कुमार नरेंद्र मोदी से मिलने दिल्ली गए थे और वहां दोनों की मुलाकात भी हुई थी। लेकिन, सार्वजनिक मंच पर दोनों 18 महीने के अंतराल के बाद एक साथ नजर आने वाले हैं। बता दें कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनने के बाद पीएम मोदी का यह पहला बिहार दौरा है। ऐसे में पीएम के इस एक दिन के दौरे में हर कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार उनके साथ मौजूद रहेंगे। दोनों बेगूसराय में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पटना आएंगे और यहां से पीएम मोदी दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। दोनों ने अंतिम बार 12 जुलाई 2022 में एक साथ मंच साझा किया था। दोनों तब बिहार विधानसभा के शताब्दी समारोह कार्यक्रम के मौके पर एक मंच पर थे।

# अब लोगों के लिए शाम छह बजे तक खुला रहेगा राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान अब सोमवार को छोड़कर सभी दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लोगों के लिए खुला रहेगा। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह उद्यान 31 मार्च तक जनता के लिए खुला है। यह रखरखाव के लिए सोमवार को बंद रहता है। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया, ₹लोग सोमवार को



छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे (अंतिम प्रवेश शाम पांच बजे) के बीच उद्यान में जा सकते हैं। पहले, यह सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे (अंतिम प्रवेश झ्र शाम 4 बजे) के बीच खुला रहता था। इसके लिए राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट पर बुकिंग कराई जा सकती है। राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 12 के निकट स्वयं-सहायता कियोस्क के सुविधा केंद्र पर भी पंजीकरण कराया जा सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक फरवरी को 'उद्यान उत्सव 2024' का उद्घाटन किया था और दो फरवरी से अमृत उद्यान को जनता के लिए खोल दिया गया था।

# विकास की गति में अवरोध बनी मोदी सरकार : राहुल

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय देश ने प्रगति की जो रफ्तार पकड़ी थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उस गति में अवरोध बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेतृत्व वाली सरकार ने गरीबों को मजबूती प्रदान कर देश को विकास की रहा दिखाई लेकिन श्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में सिर्फ मित्रों का हित साधा जा रहा है। श्री गांधी ने कहा, संप्रग सरकार में तेजी से आगे बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था के लिए नरेंद्र मोदी स्पीड ब्रेकर बन गए हैं। कांग्रेस ने गरीबों को मजबूत कर विकास को गति दी वहीं श्री मोदी चंद मित्रों के फायदे के लिए देश को खोखला कर रहे हैं।देश की निरंतर प्रगति में नीतियों महत्व देने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा,



नीतियों में देशवासियों को आगे रखे बिना देश का विकास असंभव है। झूठे प्रचार के विपरीत आर्थिक मोर्चे पर भाजपा सरकार कांग्रेस के आस-पास भी नहीं है। आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं।

# टीएमपी की मांगों को सुलझाने के लिए दिल्ली में त्रिपक्षीय बैठक

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली/अगरतला। आदिवासी आधारित टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) की मांगों को हल करने के लिए गृह मंत्रालय (एमएचए), त्रिपुरा सरकार और टीएमपी के नेताओं के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक शनिवार को नई दिल्ली में होगी। संविधान के अनुच्छेद 2 और 3 के तहत आदिवासियों के लिए 'ग्रेटर टिपरालैंड' या एक अलग राज्य की मांग कर रही टीएमपी ने 28 फरवरी से त्रिपुरा की जीवन रेखा राष्ट्रीय राजमार्ग -8 पर हटोई कटार (बारामुरा) में अपना प्रदर्शन जारी रखा है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने अगरतला में कहा कि त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) को और मजबूत करने, आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा, आदिवासी स्वायत्त निकाय के लिए प्रत्यक्ष वित्त पोषण और आदिवासियों के भूमि अधिकारों में संशोधन के लिए गृह मंत्रालय, त्रिपुरा सरकार और टीएमपी के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, जनजातीय कल्याण मंत्री विकास देबबर्मा, जनजातीय कल्याण (टीआरपी और पीटीजी) मंत्री और इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) नेता सुक्ला चरण नोआतिया, विपक्षी नेता और वरिष्ठ टीएमपी नेता अनिमेष देबबर्मा, टीटीएएडीसी के अध्यक्ष जगदीश देबबर्मा, टीएमपी अध्यक्ष बिजॉय कुमार ह्रांगखॉल और अन्य नेता बैठक में शामिल होने के लिए शुक्रवार रात को आनन-फानन में दिल्ली चले गए। आदिवासी आधारित पार्टी आईपीएफटी त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी है। टीएमपी के सुप्रीमो और पूर्व शाही वंशज प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देब बर्मन और पार्टी के अन्य नेता 28 फरवरी से नई दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। देब बर्मन ने पहले दावा किया था कि उन्हें केंद्र सरकार ने उनकी मांगों पर चर्चा के लिए दिल्ली बुलाया था। टीएमपी प्रमुख ने मीडिया से कहा था,ह्लहम जो मांग रहे हैं वह संविधान के अनुसार है। हम चाहते हैं कि सरकार आदिवासियों के संवैधानिक और भूमि अधिकार संबंधी मुद्दों को पूरा करे।'' बैठक में त्रिपुरा के मुख्य सचिव जे.के. सिन्हा और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है।

**घोषणा** — भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और अनिल बलूनी ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की

# भाजपा ने 195 उम्मीदवारों की सूची जारी की, मोदी वाराणसी से लड़ेंगे चुनाव

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर वाराणसी से, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गांधीनगर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एक बार फिर कोटा से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। सूची के मुताबिक केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सबानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र



यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देव त्रिपुरा पश्चिम से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने नई दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। पिछले दिनों भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर मैराथन मंथन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी भी इस बैठक में शरीक हुए थे। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, शाह, संगठन महासचिव बी एल संतोष ने विभिन्न राज्यों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर उम्मीदवारों के नामों पर विमर्श किया था।

# देश में उत्साह व्याप्त है, हर क्षेत्र में प्रगति हो रही: उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ धनखड़

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश में उत्साह व्याप्त है और हर क्षेत्र में प्रगति हो रही हैं। श्री धनखड़ ने शनिवार को धारवाड़ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्रों और अध्यापकों को संबोधित कर कहा कि भारत का उत्थान अजेय है। देश अभूतपूर्व गति से प्रगति कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे वैश्विक संस्थानों के हालिया बयानों का उल्लेख किया और भारत को निवेश और अवसरों का पसंदीदा गंतव्य बताया। उन्होंने कहा, हम सदियों पहले दुनिया में नंबर एक देश थे और वर्ष 2047 में नंबर एक देश बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को इसके लिए तैयारी करनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने आईआईटी धारवाड़ में मुख्य द्वार परिसर, ज्ञान संसाधन और डेटा केंद्र और सेंट्रल लर्निंग थिएटर का उद्घाटन किया। उन्होंने छत पर सौर पैनल सुविधा की आधारशिला भी रखी।

इस मौके पर कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत, संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। युवाओं को शासन



और लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण पक्ष बताकर श्री धनखड़ ने उम्मीद जाहिर की कि युवा वह बदलाव लाएंगे जिसकी देश को जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोई भी लोकतंत्र तब तक संपूर्ण नहीं है, जब तक कि कानून के समक्ष समानता न हो। कानून के समक्ष समानता के बिना व्यक्ति की गरिमा संभव नहीं है। जो लोग खुद को कानून से ऊपर मानते थे, उन्हें जवाबदेह ठहराया जा रहा है और वे यह समझ रहे हैं कि कानून के समक्ष समानता आज जमीनी हकीकत है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, रविवार, 03 मार्च, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### अधिकाधिक संख्या में युवाओं को पार्टी से जोड़ें'

**कर्णप्रयाग, एजेंसी।** भाजयुमो ने नगर के कर्णमंदिर परिसर में युवाओं से संवाद के लिए चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जुड़ने और जोड़ने का आह्वान किया गया। भाजयुमो चमोली की जिला महामंत्री कामनी टम्टा ने कहा कि गांवों में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाए। उन्हें भाजपा की नीतियों के बारे में बताया जाए। कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को सफल बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी अहम होने वाली है। नगर मंडल अध्यक्ष अनूप रावत की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में मनीष पुरोहित, प्रमोद नेगी, भुवन सिरस्वाल, विक्की रावत, अंकित रावत, सागर कुमार, मीनाक्षी बासकंडी आदि मौजूद रहे।

### शत-प्रतिशत मतदान करने की दिलाई शपथ

**कर्णप्रयाग, एजेंसी।** डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लोक सभा निर्वाचन के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने महाविद्यालय परिवार को आगामी लोकसभा में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ दिलाई। इस मौके पर महाविद्यालय कैंपस एंबेसडर डॉ. कविता पाठक व डॉ. कीर्ति राम डंगवाल, डॉ. आर सी भट्ट, एनसीसी कैडेट्स आदि मौजूद रहे।

### 12 बूथों पर पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप

**श्रीनगर, एजेंसी।** तीन मार्च को होने वाले पल्स पोलियो दिवस को लेकर श्रीनगर में 12 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जानकारी देते हुए उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गोविंद पुजारी ने बताया कि एसएसबी, भक्तियाना चर्च, कमलेश्वर मंदिर, मातृ शिशु कल्याण केंद्र, संचिता पौथोलॉजी लैब, चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल, नंदन जूनियर हाईस्कूल, जीजीआईसी, सरस्वती शिशु मंदिर, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, देवलोक होटल व पौड़ी चुंगी के समीप पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जहां पर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई जाएगी। उन्होंने लोगों से बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने की अपील की।

### राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में राजेंद्र कुमार रहे तृतीय

**श्रीनगर, एजेंसी।** एचएनबी गढ़वाल विवि के डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र में अध्ययनरत राजेंद्र कुमार ने मेरा भारत विकसित भारत 2047 विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। नेहरू युवा केंद्र रुद्रप्रयाग की ओर से 24 फरवरी 2024 को देहरादून में प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें 13 अलग-अलग जिलों से आए प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था जिसमें राजेंद्र कुमार तृतीय रहे। उनकी सफलता पर डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल, केंद्र के शिक्षक डॉ. आशीष बहुगुणा एवं डॉ. प्रकाश कुमार सिंह ने खुशी जताई।

### रेल परियोजना के भारी वाहनों से देवप्रयाग-पौड़ी मार्ग हुआ बदहाल

**देवप्रयाग, एजेंसी।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के भारी वाहनों के आवागमन से देवप्रयाग-पौड़ी मोटर मार्ग बदहाल हो गया है। मार्ग गड्ढों में तब्दील होने और कई स्थानों पर कीचड़ व दलदल होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। पालिका देवप्रयाग के वार्ड चार स्थित सौड़ में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना की सुरंग का निर्माण चल रहा है। परियोजना निर्माण में लगे भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क का करीब 13 किमी भाग खस्ताहाल है।

### बाजार में घुसी ट्रैक्टर-ट्रॉली, आधा घंटे तक जाम से जूझे लोग

**रूड़की, एजेंसी।** मेन बाजार में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली घुसने से करीब एक किमी लंबा जाम लग गया। जाम से दोनों ओर के वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। इस दौरान लोगों और ट्रैक्टर चालक के बीच नोकझोंक हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को साइड कराकर जाम खुलवाया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

मेन बाजार में भारी और बड़े वाहनों पर दिन के समय पूरी तरह से प्रतिबंध है। बावजूद इसके भारी वाहन आसानी से बाजार के अंदर घुस आते हैं। इससे आए दिन जाम लगता है।

# 30 लाख की स्मैक के साथ सौदागर दंपती और दो तस्कर गिरफ्तार, बरेली से ला रहे थे स्मैक

**हरिद्वार, एजेंसी।** बरेली से स्मैक लाकर युवाओं की नसों में जहर घोलने वाले नशे के धंधेबाजों को जेल भेजने का पुलिस का अभियान जारी है। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल को मिले इनपुट के आधार पर जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और ज्वालापुर कोतवाली की पुलिस ने 30 लाख रुपए की स्मैक के साथ नशे के सौदागर बिजनौर निवासी पति-पत्नी और सरगना समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। स्मैक बेचकर जुटाई गई 14 हजार की नकदी भी मिली है। दोनों तस्कर लग्जरी कार में बरेली से स्मैक की खेप लेकर आए थे।



ज्वालापुर कोतवाली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 चलाया जा रहा है। नशा तस्करी की गुप्त सूचना मिलने के बाद धरपकड़ के लिए जाल बिछाया गया।

सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर के नेतृत्व में एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र बिष्ट, उपनिरीक्षक रणजीत तोमर व ज्वालापुर कोतवाली के एसएसआई राजेश बिष्ट की टीम ने कार से स्मैक की तस्करी ला रहे रईस उर्फ गोलू निवासी लादपुर खुर्द लक्सर और शहजाद उर्फ गुडडी निवासी जबरदस्तपुर रुड़की को पकड़ लिया। उनके कब्जे से 308 ग्राम स्मैक, 14 हजार की नकदी, डिजिटल तराजू बरामद हुआ।

पूछताछ में सामने आया कि स्मैक की डील हाल ही में जमानत पर छूटकर आए अभिषेक, उसकी पत्नी निवासीगण सुभाषनगर को दी जानी थी। पुलिस टीम ने आरोपित दंपति को भी दबोच लिया। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित महिला पूर्व में दर्ज हुए मुकदमे में फरार चली आ रही थी। बताया कि स्कूली छात्र छात्राओं को ये स्मैक बेची जानी थी। आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि बिजनौर से हरिद्वार आकर स्मैक तस्करी में लिप्त गैंग की कमर तोड़ने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। पड़ताल में सामने आया है कि दंपति ने जरायम पेशे में उतरने के बाद ही वर्ष 2020 में सुभाषनगर में एक घर खरीदा था, जिसका मालिक अभिषेक खुद है। आरोपित शहजाद 10वीं फेल है और रईस अंगूठा छाप है। अभिषेक 10वीं तक पढ़ा लिखा है। जबकि उसकी पत्नी दसवीं फेल है। आरोपित दंपति के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति भी जब्त की जाएगी।

सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर ने बताया कि पूरे गैंग के खिलाफ जिले के अलग-अलग थाने कोतवाली में मुकदमें दर्ज हैं। रईस के खिलाफ पिरान कलियर, ज्वालापुर में एनडीपीएस एक्ट के मुकदमें दर्ज हैं। जबकि दंपति के खिलाफ भी ज्वालापुर में पूर्व में एनडीपीएस के मुकदमें किए जा चुके हैं। शहजाद के खिलाफ कोतवाली रानीपुर में दुष्कर्म, पथरी में एनडीपीएस का का मुकदमा दर्ज है। सीओ शांतनु पाराशर ने बताया कि पूछताछ में नशे के कोई और धंधेबाजों के बारे में जानकारी मिली हैं, जल्द ही कुछ और गिरफ्तारियां की जाएंगी।

एसएसपी ने पुलिस टीम को शाबाशी देते हुए 10 हजार रुपए का इनाम दिया है। टीम में सीओ ज्वालापुर शांतनु पाराशर, एसएसआई राजेश बिष्ट, उपनिरीक्षक विकास रावत, उपनिरीक्षक रविंद्र जोशी और महिला उपनिरीक्षक ललिता चुफाल, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह राणा, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक रणजीत तोमर, हैड कांस्टेबल देशराज, रियाज अली, सुनील और मुकेश शामिल रहे।

## अब सुबह आठ बजे से शुरू होगी ओपीडी

**रूड़की, एजेंसी।** सिविल अस्पताल रुड़की में शुक्रवार से ओपीडी का समय बदल जाएगा। ओपीडी का समय अब सुबह आठ बजे से शुरू होकर दोपहर दो बजे तक रहेगा। इस संबंध में सीएमएस ने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक भी ली। इसमें ओपीडी के बदले समय के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए।ढ्ढ

सिविल अस्पताल रुड़की में अब तक ओपीडी का समय सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक था। अब मौसम में हुए बदलाव को देखते हुए अब अस्पताल प्रबंधन ने ओपीडी का समय बदल दिया है। ओपीडी का समय अब सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय कंसल ने ओपीडी के नये समय को लेकर बृहस्पतिवार को चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक ली।

सीएमएस ने बताया कि शासन के निर्देश पर एक मार्च से ओपीडी का समय बदल दिया गया है। ओपीडी में सुबह आठ बजे तक सभी चिकित्सक बैठ जाएं। इसके अलावा रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनाने का काम भी सुबह आठ बजे से हर हाल में शुरू हो जाना चाहिए। इसी तरह से एक्स-रे, पैथोलॉजी लैब समेत ओपीडी से जुड़ी सभी सुविधाएं सुबह आठ बजे से संचालित हो जानी चाहिए। सीएमएस डॉ. संजय कंसल ने बताया कि मौसम में अब परिवर्तन हो रहा है।

## कार खरीदार से मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा

**हरिद्वार, एजेंसी।** कार बेचने के बाद चोरी से वापस ले जाने पर उसे लेने पहुंचे खरीदार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। इससे खरीदार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल को एक निजी अस्पताल में भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मंगलौर के गांव खेमपुर थिथोला निवासी परवेज आलम ने शिकायत कर बताया कि नवंबर माह में उसके भाई सलीम ने शहजाद निवासी बढ़ेडी से पुरानी थार कार पांच लाख पचास हजार में खरीदी थी। जिसकी नोटरी कराकर कागजात के साथ कार उसके भाई को दे दी गई थी। पांच फरवरी को शहजाद कार की दूसरी चाबी लगाकर उसके घर से चोरी से ले गया। उसके भाई सलीम ने कार की इधर-उधर तलाश की। शहजाद को फोन किया तो पता चला कि कार उसी के पास है। उसने पैसे वापस देने की बात कही।

आरोप है कि 27 फरवरी को सलीम और उसका साथी दोनों शहजाद की बैठक पर पहुंचे।

## कांवड़ की भीड़ बढ़ने पर वन-वे रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**काशीपुर, एजेंसी।** कांवड़ यात्रा आज से शुरू हो जाएगी। शिवभक्त कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जाने लगे हैं। कांवड़ियों के आने-जाने रूट पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने भी कमर कस ली है। बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक में व्यवस्थाओं को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई। बताया गया कि कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने पर वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था रहेगी।

हरिद्वार से आने वाले कांवड़िए जसपुर होते हुए काशीपुर में प्रवेश करते हैं। यहां नया ढेला पुल से मुंशी राम चौराहा, रतन सिनेमा रोड, महाराणा प्रताप चौक से होते हुए श्रीराम लीला मैदान पहुंचते हैं। जहां से अपने-अपने गंतव्य वाले मार्ग पर रवाना हो जाते हैं। एसपी अभय सिंह के निर्देशन में हुई बैठक में लोनिवि व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को सड़कों को दुरुस्त करने के लिए कहा गया। ऊर्जा निगम को स्ट्रीट लाइट ठीक करने और नगर निगम को साफ-सफाई करने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए गए। जल संस्थान को समय रहते कांवड़ियों की आवाजाही के रास्तों पर पेयजल के प्रबंध करने के लिए हिदायत दी गई। एसपी अभय सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सभी थाना प्रभारियों को स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सीओ अनुषा बडोला, सहायक नगर आयुक्त यशवीर राठी समेत राजस्व, नगर निगम, लोनिवि, एनएच, जल संस्थान का अधिकारी मौजूद रहे। एसपी अभय सिंह ने पुलिस कर्मियों को सादी वर्दी में तैनात रहते हुए असामाजिक तत्वों पर नजर रखने, खाने-पाने के सामान सहित किसी भी सामान पर ओवर रेट नहीं करने जैसी शिकायतों पर नजर रखने के निर्देश दिए।

## बनभूलपुरा के बाद अब बागजाला की बारी, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू; एक्शन में पुलिस

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में अभी बनभूलपुरा हिंसा का मामला शांत भी नहीं हुआ है कि पुलिस ने बागजाला में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने ब्रीफिंग पूरी करने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दिया है।



हल्द्वानी में बनभूलपुरा के बाद अब बागजाला में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। पुलिस ने ब्रीफिंग पूरी करने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान भारी पुलिस बल मौके पर तैनात है।

बता दें कि बागजाला में बड़े पैमाने पर कब्जा हुआ है। हाल में वन विभाग ने इलाके में ड्रोन के जरिए कब्जे की स्थिति को जाना और फोटोग्राफी भी कराई। हालात देख वन विभाग के अफसर दंग रह गए। अगर अंतरराष्ट्रीय चिड़ियाघर की चहारदीवारी न होती तो इस मेगा प्रोजेक्ट की भूमि पर भी कब्जा होने की आशंका थी। अब वन विभाग अतिक्रमणकारियों से भूमि खाली कराने की तैयारी में जुटा है।

वहीं, तराई पूर्वी वन प्रभाग के गौला रेंज के बागजाला में बड़े पैमाने पर कब्जा हुआ है। यहां लीज अवधि खत्म होने के बाद न तो लोगों ने लीज नवीनीकरण कराया और न ही वन भूमि को खाली किया है। इसी तरह सौ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में वन भूमि पर कब्जा हो चुका है। इसको लेकर वन विभाग आंख बंद किए रहा। यह भूमि स्टांप पर खुर्द-बुर्द की गई है। इसकी जांच कराने की बात हुई, पर महीनों तक जांच पूरी न हो सकी। अब अतिक्रमण हटाने को लेकर नए सिरे से कोशिश तेज हुई तो जंगलात ने भी प्रयास तेज किए हैं। हाल में वन विभाग की टीम ने इलाके में ड्रोन सर्वे भी किया है। इकसे अलावा जो निर्माण काम हुए हैं।

## हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में जूनियर छात्र को पीटा, रात को पांच युवक कमरे में घुसे

**नैनीताल , एजेंसी।** हल्द्वानी राजकीय मेडिकल कॉलेज में बीती रात जूनियर छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र ने इस मामले में प्राचार्य से शिकायत की है। इसे रैगिंग से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

हल्द्वानी राजकीय मेडिकल कॉलेज में बीती रात जूनियर छात्र की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र ने इस मामले में प्राचार्य से शिकायत की है। इसे रैगिंग से जोड़कर भी देखा जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन ने मामले की जांच के साथ ही एंटी रैगिंग कमेटी बैठक भी बुलायी है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में आए दिन कुछ न कुछ घटनाएं हो रही हैं। नर्सिंग हॉस्टल में पत्थर फेंकने का मामला अभी सुलझा नहीं है कि अब जूनियर छात्र के साथ मारपीट की घटना से कॉलेज प्रबंधन में खलबली मची है। मामला रैगिंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, बीते बृहस्पतिवार को रामपुर रोड स्थित होटल में एमबीबीएस फाइनल ईयर की फेयरवेल पार्टी थी। वहां किसी बात को लेकर जूनियर और सीनियर छात्र के बीच बहस हो गई थी। सूत्रों की मानें तो पार्टी में छेड़छाड़ की घटना के बाद मामला बिगड़ा था। पार्टी के बाद सभी छात्र-छात्राएं वापस हॉस्टल आ गए थे। शिकायत करने वाला छात्र अपने हॉस्टल में चला गया। मगर देर रात करीब एक बजे पांच युवक उसके कमरे में घुसे और उसकी पिटाई कर दी। शिकायतकर्ता छात्र ने प्राचार्य को दी लिखित शिकायत में बताया कि पांच सीनियर छात्रों ने उसके साथ मारपीट की।

सूत्रों के अनुसार, छात्र को बुरी तरह पीटा गया और मुर्गा भी बनाया। सुबह यह मामला कॉलेज प्राचार्य तक पहुंचने पर प्रबंधन सकते में आ गया है। तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए खुद प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद शिकायत की जांच करवाई गई। जिसमें पता चला कि पांच छात्रों ने युवक के साथ मारपीट की थी। इसमें एक छात्र फाइनल का है, जबकि दो इंटर्न, एक नॉन पीजी जेआर और एक नर्सिंग का छात्र शामिल है। शिकायत सही पाए जाने पर सभी छात्रों को अनुशासनात्मक कमेटी ने बुलाकर पूछताछ की, जिसमें आरोपी छात्रों ने मारपीट से इंकार किया, लेकिन जूनियर छात्र मारपीट करने का आरोप लगाता रहा। करीब चार घंटे तक जांच चली। जांच के बाद छात्रों पर कार्रवाई की तैयारी हो रही है। वहीं मामले को रैगिंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है, जिसके लिए शनिवार को एंटी रैगिंग कमेटी की भी बैठक बुलायी गई है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने बताया कि कॉलेज में एक छात्र ने पांच छात्रों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है और शिकायत पत्र दिया है, जिसके बाद जांच की जा रही है। मामले में रैगिंग का भी इनपुट आ रहा है, इसलिए शनिवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई है। आरोपी छात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## दो साल बाद फिर चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**रुद्रपुर, एजेंसी।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलिया के 12 केस मिलने से दो साल बाद अब फिर से पोलियो के खिलाफ अभियान चलेगा। रविवार को पांच साल तक के दो लाख 72 हजार 725 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने शिक्षा, बाल विकास, विद्युत, युवा कल्याण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, पुलिस, पंचायती राज विभाग समेत विभिन्न सामाजिक संगठन व धार्मिक स्थलों से अभियान की सफलता के लिए सहयोग मांगा है। शर्मा ने पत्रकार वार्ता कर अभियान की जानकारी दी। बताया कि साल 2014 से भारत में पोलियो के मरीज नहीं हैं। दो साल पहले पोलियोमुक्त भारत होने पर अभियान रोक दिया गया था लेकिन अब पाकिस्तान व अफगानिस्तान में छह-छह पोलियो के रोगी मिले हैं। भारत सरकार ने देश में इसकी रोकथाम के लिए तीन मार्च से अभियान चलाया है। ताकि उन देशों से यहां पोलियो का ट्रांसमिशन न हो।

## बाइक सवार आईआईटी रुड़की के दो छात्रों की सड़क दुर्घटना में मौत, वाहन की टक्कर से हुआ दर्दनाक हादसा



**पिरान कलियर। (रुड़की ), एजेंसी।** सड़क हादसे में आईआईटी रुड़की के छात्रों की जान चली गई। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

बाइक सवार आईआईटी रुड़की के दो छात्रों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। साथ ही घटना की सूचना आईआईटी प्रशासन और परिजनों को दी है।

शनिवार सुबह साढ़े चार बजे करीब थाना कलियर क्षेत्र में. कावड़ पटरी धनोरी (उत्तरा टेक कॉलेज के पास ) मोटरसाइकिल साइकिल सवार दो व्यक्तियों की मोटर साईकिल दुर्घटना ग्रस्त होने की सूचना मिली। दोनों को गंभीर चोट लगी थी। स्थानीय पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों उत्तराखंड आई आईटी रुड़की के पीएचडी के छात्र थे।

## 11वीं की छात्रा का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला

**रूड़की, एजेंसी।** डिफेंस कॉलोनी निवासी कक्षा 11 की एक छात्रा संदिग्ध हालात में फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, छात्रा के आत्महत्या करने के पीछे का कारण पता नहीं लग पाया है। पुलिस स्कूल प्रबंधन और परिजनों से जानकारी जुटा रही है।

सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम करीब तीन बजे गंगनहर कोतवाली पुलिस ने सूचना दी कि सिविल अस्पताल में एक छात्रा का शव आया है। उसने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। इस पर महिला दरोगा करुणा रौंकली ने सिविल अस्पताल में पहुंचकर छात्रा का पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि लड़की कक्षा 11 की छात्रा थी। छात्रा का भाई भी उसके साथ ही पढ़ता था।

जांच में पता चला कि स्कूल की ओर से दोपहर दो बजे के बाद छात्रा को अभिभावक के साथ स्कूल में बुलाया गया था। छात्रा के पिता ने स्कूल जाने के लिए उसे आवाज लगाई लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। पिता ने अंदर जाकर देखा तो छात्रा ने घर के रोशनदान से दुपट्टा डालकर फंदा लगा रखा था। छात्रा के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है। मामले में स्कूल प्रबंधन और छात्रा के परिजनों से जानकारी जुटाई जा रही है।

## शिक्षा नीति लागू होने के बाद भी स्कूलों का हाल-बेहाल, 158 विद्यालयों में लटके ताले

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** नया शिक्षा सत्र शुरू होने में अब एक माह का समय बचा हुआ है, लेकिन व्यवस्थाओं को देखकर नहीं लगता अगले शिक्षा सत्र में भी हालात सुधर पायेंगे। जिले में अब तक 158 प्राथमिक विद्यालयों में ताले लटक गये हैं, शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए जल्द पहल नहीं होने पर नये सत्र में इस संख्या का ग्राफ और ऊपर जाने की उम्मीद है।

नियमावली के अभाव में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती का मामला लटका हुआ है। सीमांत पिथौरागढ़ जनपद के दूरदराज के क्षेत्रों में सरकारी विद्यालय ही शिक्षा का एकमात्र माध्यम हैं, लेकिन सरकारी शिक्षा की सेहत दिनों दिन गिर रही है।



पिथौरागढ़ जिले में शिक्षकों और विद्यार्थियों की कमी से 158 विद्यालयों में ताले लटक गए हैं। 37 विद्यालयों में शिक्षक ही नहीं हैं। दूसरे विद्यालयों से शिक्षक भेजकर नौनिहालों का भविष्य गढ़ा जा रहा है। जिले के 439 विद्यालयों में एकमात्र शिक्षक पांच कक्षाओं का पढ़ा रहे हैं। शिक्षा के स्तर का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है। कोरोना के चलते दो वर्ष का डीएलड कोर्स पांच वर्ष में पूरा करने और शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके युवा भर्ती के इंतजार में हैं।

बीएड प्रशिक्षुओं को प्राथमिक शिक्षक भर्ती से बाहर किये जाने के बाद भर्ती नियमावली अपडेट की जानी है, लेकिन यह मामला लटका हुआ है, जिससे भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। युवा मानसिक रूप से परेशान हैं। पिथौरागढ़ जनपद में कुल 1004 प्राथमिक विद्यालय हैं, जिनमें विद्यार्थियों की संख्या 14918 है। विद्यालयों के लिए शिक्षकों के 2002 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 890 पद रिक्त पड़े हुए हैं। शिक्षकों की भारी कमी के चलते अगले शिक्षा सत्र में प्राथमिक शिक्षा में सुधार की उम्मीद नहीं है। यह हाल तब है जब उत्तराखंड को नई शिक्षा नीति लागू करने वाले पहले राज्य का दर्जा मिला हुआ है।

सम्पादकीय

# भारत के धनवान

भारत ना सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा, बल्कि सबसे तेजी से अति धनी लोगों की संख्या भी यहीं बढ़ेगी। दरअसल, इन दोनों ही परिघटनाओं में गहरा संबंध है। यह बात रिपोर्ट तैयार करने वाले अध्ययनकताओं ने भी कही है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अति धनी व्यक्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अगले चार साल में इस तादाद में और भी ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ोतरी होगी। बड़ी तस्वीर तो यह है कि यह वृद्धि दुनिया में सबसे तेज दर से होगी। इस तरह भारत दुनिया में अति धनवान व्यक्तियों की संख्या में सबसे तेज वृद्धि दर दर्ज करने वाला देश बन जाएगा। भारत से जो देश पीछे छूट जाएंगे, उनमें चीन भी शामिल है। भारत में यह दर 50.1 प्रतिशत रहेगी, जबकि चीन में 47 फीसदी। स्पष्टतः भारत ना सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा, बल्कि सबसे तेजी से अति धनी लोगों की संख्या भी यहीं बढ़ेगी। दरअसल, इन दोनों ही परिघटनाओं में गहरा संबंध है। यह बात नाइट फ्रैंक संस्था के अध्ययनकताओं ने भी कही है, जिनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के अति धनवान लोगों के शौक क्या हैं। रिपोर्ट में अति धनवान उन लोगों को माना गया है, जिनके पास तीन करोड़ डॉलर-यानी लगभग सवा दो सौ करोड़ रुपये-से अधिक की संपत्ति है। अब यह देखना दिलचस्प है कि इन लोगों की पसंद क्या है। बताया गया है कि पिछले वर्ष लग्जरी घडिों, कलाकृतियों और जेवरात पर इन लोगों के खर्च में क्रमशः 138, 105 और 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यानी संकेत यह है कि ये लोग किसी उत्पादक कार्य में धन लगाने के बजाय विलासिता पर अधिक खर्च कर रहे हैं। तो अनुमान लगाया जा सकता है कि इनकी आमदनी का प्रमुख स्रोत शेयर-बॉन्ड-ऋण बाजार-वायदा कारोबार आदि यानी वित्तीय संपत्तियों में निवेश है। यह एक चक्र है। इनके निवेश से ये बाजार चमकते हैं और फिर उससे इन लोगों को होने वाले लाभ में बढ़ोतरी होती है। ये सारी बढ़ोतरी देश के जीडीपी में भी गिनी जाती है। तो कहा जा सकता है कि आम अर्थव्यवस्था के समानांतर जो एक वित्तीय अर्थव्यवस्था खड़ी हुई है, देश के धनी-मानी लोग उसका आधार हैं और उससे लाभान्वित भी। जबकि देश की बहुसंख्यक आबादी इस सारी चमक से बाहर बनी हुई है। यही आज के भारत की हकीकत है।

# दलबदल के लिए दोषी कौन

अजीत द्विवेदी

राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग के बाद इस बात पर बहस छिड़ी है कि दलबदल के लिए असली दोषी कौन है? भाजपा के नेता और उनके समर्थक कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद आदि पर ही ठीकरा फोड़ रहे हैं और कह रहे हैं कि जो पार्टी अपने विधायकों को नहीं संभाल पाई वह भाजपा से क्या लड़ेगी ?हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का मजाक बनाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री रहते उनको पता ही नहीं चला कि उनके विधायक साथ छोड़ कर जा रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा विरोधी पार्टियों के नेता और सोशल मीडिया का उनका इकोसिस्टम भाजपा को दोषी बता रहा है। उनका कहना है कि भाजपा ने अपनी ताकत का इस्तेमाल करके डाका डालाइ है तो इसमें कांग्रेस या सुक्खू या अखिलेश यादव की क्या गलती है ?इस बहस में एक दिलचस्प बात यह है कि जो लोग दलबदल के लिए भाजपा की खूब आलोचना कर रहे हैं वे ही लोग कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की तारीफ कर रहे हैं कि उन्होंने अपने विधायकों को एकजुट रखा और भाजपा के एक विधायक से क्रॉस वोटिंग करा दी साथ ही एक दूसरे विधायक को गैरहाजिर करा दिया। बहरहाल, दोनों तरफ से दिए जा रहे तर्कों में मेरिट है और इसलिए बहस चल रही है। वैसे भी देश की राजनीति और साथ साथ समाज जिस तरह से वैचारिक आधार पर विभाजित हुआ है उसमें यह हैरानी वाली बात नहीं है। विभाजन ऐसा हो गया है कि एक पक्ष केंद्र सरकार और भाजपा की हर बात और हर कदम को सही ठहराता है तो दूसरा पक्ष विपक्ष की हर बात का समर्थन करता है। इसके बीच में या आसपास देखने की जरुरत ही नहीं समझी जाती है। हकीकत यह है कि इन दोनों तर्कों के बीच एक बड़ा क्षेत्र ऐसा है, जिसे समझने की जरुरत है। एक पक्ष यह मानता है कि मोहब्बत और जंग में सब जायज है की तर्ज पर भाजपा ने ताकत का इस्तेमाल करके दूसरी पार्टी के विधायकों को तोड़ लिया तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है तो दूसरा पक्ष यह है कि भाजपा ने डाका डाला और लोकतंत्र की हत्या की है। लेकिन इन दोनों के बीच वे लोग भी तो हैं, जो पाला बदलते हैं। उनके बारे में कोई बात नहीं कर रहा है। वो कैसे लोग हैं, जिन्होंने किसी लालच में या दबाव में पाला बदला? यह सवाल तो उठता ही है कि अगर भाजपा किसी को अपनी ओर मिलाना चाहती है तो क्या वह जबरदस्ती कर रही है या मिलने वाले की भी मर्जी हो रही है? यह भी सवाल है कि अगर कोई विधायक या सांसद किसी पार्टी को छोड़ कर जाने का मन बना ले और पार्टी के नेता या मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी भी हो जाए तो वह किस तरह से उसे रोक सकता है? जाने वाले को कौन रोक सकता है !असल में राजनीति के व्यक्ति केंद्रित होते जाने और सत्ता को अंतिम लक्ष्य या साध्य मानने की सोच ने भारतीय राजनीति को बहुत ज्यादा दूषित कर दिया है। हां, यह जरूर कह सकते हैं कि इसका प्रदूषण बढ़ाने में या इसे मौजूदा शक्ल देने में भाजपा ने बड़ी भूमिका निभाई है। उसने लालच के साथ साथ भय का एक भी तत्व इसमें जोड़ दिया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि पहले दलबदल नहीं होते थे या पहले राज्यसभा के चुनावों में विधायक क्रॉस वोटिंग नहीं करते थे। आजादी के बाद हर समय ऐसा होता रहा है। लेकिन लंबे समय तक दलबदल वैचारिक आधार पर होता था। दलगत आधार पर भी दलबदल हुए लेकिन उसमें भी कहीं न कहीं विचारधारा का हाथ रहा। एक ही विचारधारा की कई पार्टियां थीं, जिसके नेता इधर से उधर आते जाते थे। लेकिन अब दलबदल विशुद्ध रूप से निजी स्वार्थ से संचालित हो रहा है। अब विचारधारा का कोई मतलब नहीं है। कह सकते हैं कि पहले विचारधारा की गोंद नेताओं को बांधे रहती थी, लेकिन अब सत्ता एकमात्र गोंद है, जिससे नेता बंधे हुए हैं। इसलिए सिर्फ भाजपा को दोष देने से काम नहीं चलेगा। भाजपा खरीदार की तरह मंडी में बैठी है और नेता बिकने के लिए आ रहे हैं। सोचें, देश में पशुओं का मेला लगता है, जिसमें पशुओं के मालिक उन्हें बेचने के लिए ले जाते हैं लेकिन इंसान तो खुद ही जा रहे हैं बिकने के लिए! गुजरात में नाराण भाई राठवा अपने बेटे संग्राम राठवा के साथ कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में चले गए। सोचें, जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब उनको रेल मंत्री बनाया गया था। बाद में कांग्रेस ने उनको राज्यसभा में भेजा। उनका राज्यसभा का कार्यकाल तीन अप्रैल 2024 को समाप्त हो रहा है। उससे एक महीना तीन दिन पहले उनको लगा कि अब कांग्रेस राज्यसभा या कुछ और पद देने की स्थिति में नहीं है तो उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा में चले गए। इसका कांग्रेस नेतृत्व की कमजोरी से कोई लेना-देना नहीं है और न इसके लिए भाजपा की आलोचना करने की जरुरत है। यह विशुद्ध रूप से उस व्यक्ति के निजी स्वार्थ का मामला है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने वीरभद्र सिंह को छह बार मुख्यमंत्री बनाया। जब राज्य में कांग्रेस की सरकार नहीं होती थी तो उनको केंद्र में मंत्री बनाया जाता था। अब भी उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष हैं और बेटे विक्रमादित्य सिंह राज्य सरकार में मंत्री हैं। लेकिन वे आज अगर कांग्रेस को नुकसान पहुंचा रहे हैं तो उसमें कांग्रेस या सुखविंदर सिंह सुक्खू की कमी नहीं है। जब नेता अपना दीन ईमान छोड़ दे और सत्ता या धन के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाए तो फिर उसमें कोई भी पार्टी क्या कर सकती है ?राजनीति में नैतिक मूल्यों के निरंतर ह्रास को समझने की जरुरत है। यह भी समझने की जरुरत है कि अगर राजनीति समाज का आईना है तो समाज की क्या स्थिति हो गई है? इसको ठीक किए बगैर यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि राजनीति स्वच्छ हो जाएगी। इसमें एक पहलू दलबदल कानून और उसके अमल का भी है। जिस तरह से कानूनी मामलों में कहा जाता है कि न्याय प्रक्रिया ऐसी है कि अपराधियों को सजा नहीं होती है और उनका हौसला बढ़ जाता है। उसी तरह दलबदल के मामले में भी है। दलबदल करने वाले विधायकों या सांसदों पर महीनों, बरसों तक कोई कार्रवाई नहीं होती है। स्पीकर मामले को लटका कर रखते हैं और सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो जाता है। झारखंड में बाबूलाल मरांडी, प्रदीप यादव और बंधु तिर्की का मामला चार साल से लंबित है। बंधु तिर्की काफी पहले विधायक से हट भी गए और उनकी जगह उनकी बेटी विधायक बन गई। लेकिन स्पीकर का फैसला नहीं आया। महाराष्ट्र में भी सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद स्पीकर का फैसला आया। सोचें, ऐसे में कोई विधायक या सांसद दलबदल करने से घबराएगा? राजनीति में नैतिक मूल्यों की बहाली तो होते होते होगी लेकिन उससे पहले यह कानून बनना चाहिए कि अगर किसी पार्टी का विधायक या सांसद इस्तीफा देता है तो वह अनिवार्य रुप से विधानसभा या लोकसभा से इस्तीफा देगा और उसके फिर से चुनाव लडे पर एक निश्चित समय तक रोक रहेगी।

# आर्थिक वृद्धि दर ने साबित किया कि मुश्किल हालात में मोदी का नेतृत्व देश के काम आया

**वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है। हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अतः देश में अब रोजगार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है।**





**प्रह्लाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक**

हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है।

हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अतः देश में अब रोजगार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है। परंतु, प्रकृति के आगे तो किसी की चलती नहीं है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़ों को देखकर तो अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले वर्षों में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर हासिल करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं अगले लगभग 4 साल के अंदर ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, वर्तमान में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय शेयर बाजार भी बाजार पूंजीकरण के मामले में वर्तमान में विश्व में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। क्योंकि, भारत में आर्थिक विकास की तीव्र गति को देखते हुए विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेश संस्थान, दोनों ही भारतीय पूंजी बाजार में अपने निवेश को निश्चित ही बढ़ाएंगे।

भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में अनुमानों से कहीं अधिक वृद्धि दर हासिल करने के पीछे दरअसल हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र के साथ साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं, इस ओर सामान्यतः विदेशी अर्थशास्त्रियों एवं वित्तीय संस्थानों का ध्यान शायद नहीं जा रहा है। हाल ही के समय में भारत में अब विभिन्न त्यौहार अत्यधिक उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन त्यौहारों के मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय परिवारों, विशेष रूप से मध्यम वर्गीय एवं उच्च वर्गीय परिवारों के खर्च में अपार वृद्धि हो रही है। इस खर्च का पूरा पैसा भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहा है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर में तेजी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2023 में दीपावली त्यौहार के दौरान लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय परिवारों द्वारा खर्च की गई थी। शादियों के दौरान भारतीय परिवारों द्वारा अतिरिक्त खर्च किया जाना भी केवल भारत की ही विशेषता है, अन्य देशों में शादियों के दौरान इस प्रकार के खर्च नहीं होते हैं। दूसरे, भारत में हाल ही के समय में धार्मिक पर्यटन में अपार वृद्धि देखने में आई है, क्योंकि इन क्षेत्रों की आधारभूत संरचना में आमूल चूल सुधार हुआ है। पर्यटन के बढ़ने से न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी अपार बल मिल रहा है। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, वृंदावन आदि धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की अपार वृद्धि दिखाई दे रही है। अयोध्या में तो प्रभु श्रीराम के मंदिर के शिलान्यास के बाद से लगातार औसतन प्रतिदिन 2 लाख से अधिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है।

हालांकि केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सुधारों के चलते एवं पूंजीगत खर्च में लगातार की जा रही बढ़ोतरी से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार द्वारा 10 लाख करोड़ रुपए की राशि इस मद पर खर्च की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस मद पर 7.5 लाख करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में पूंजीगत खर्च की राशि को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। दूसरे, भारत में कर (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) के संग्रहण में भी अपार सुधार दिखाई दे रहा है। कर ढांचे को आसान बनाकर सम्बंधित नियमों के अनुपालन में सुधार कर, कर संग्रहण में 20 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि हासिल की गई है। देश में अनौपचारिक क्षेत्र भी तेजी से औपचारिक क्षेत्र में बदल रहा है, इससे कर संग्रहण के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी औपचारिक क्षेत्र में अधिक निर्मित हो रहे हैं तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलते दिखाई दे रहे हैं। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल के बाद से (वित्तीय वर्ष 2022 से वित्तीय वर्ष 2024 के बीच) भारत में औसत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में 38,257 रुपए की वृद्धि दर्ज हुई है एवं अब यह प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपए को पार कर गई है। इस दौरान प्रति व्यक्ति बचत एवं पूंजी निर्माण में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है। भारत में सकल बचत की दर वित्तीय वर्ष 2023 में 30.2 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 में 32.3 प्रतिशत से अधिक रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है, जो वित्तीय वर्ष 2014 के बाद से सबसे अधिक दर रहने वाली है। अब देश में पूंजी का उपयोग अधिक दक्षता के साथ किया जा रहा है। जिससे क्रमिक पूंजी-उत्पाद अनुपात में पर्याप्त सुधार हुआ है। यह अनुपात दर्शाता है कि अतिरिक्त उत्पाद के निर्माण में कितनी अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होने वाली है। वित्तीय वर्ष 2012 में क्रमिक पूंजी-उत्पाद अनुपात 7.5 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2023 में घटकर 4.4 प्रतिशत हो गया है। अतः देश में वर्तमान बचत दर को देखते हुए भारत आसानी से 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की विकास दर हासिल कर सकता है।

कुल मिलाकर, अब भारतीयों को आर्थिक क्षेत्र में लगातार अच्छे समाचार मिलने लगे हैं क्योंकि भारत रोजाना किसी न किसी क्षेत्र में नित नए रिकॉर्ड बनाता दिखाई दे रहा है। इस प्रकार, अब भारतीयों को नित नए रिकॉर्ड सुनने की आदत बना लेनी चाहिए।

# एमएसपी को कानूनी दर्जा देने से मजबूत होगी कृषि

**किसानों को उचित भाव मिलना और खेती में सुरक्षा एवं गरिमा महसूस करना महत्वपूर्ण लक्ष्य है। कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यतः गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी एमएसपी पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाजार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएं कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 एमएसपी फसलों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है। अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं, जिनका निजी बाजार मजबूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है। इन फसलों के लिए एमएसपी एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में फ्लोर प्राइस बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं -वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए क्विंटल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। एमएसपी का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार एमएसपी के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए।**






**के आर सुधामन**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

अक्सर एमएसपी के संदर्भ में कहा जाता है कि वित्तीय बोझ होगा। यदि हम मानकर चलें कि फसलों के लिए हमें सरकारी उपार्जन और निजी बाजार दोनों की जरूरत है, तो उपार्जन का खर्चा अपने आप कम हो जाता है। दूसरा, इसे सब्सिडी की नजर से न देखकर निवेश के रूप में देखें। क्या इस निवेश से विकास की पूर्ति हो रही है? किसानों को उचित भाव मिलना और खेती में सुरक्षा एवं गरिमा महसूस करना महत्वपूर्ण लक्ष्य है। कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यतः गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी एमएसपी पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाजार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएं कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 एमएसपी फसलों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है।

अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं, जिनका निजी बाजार मजबूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है। इन फसलों के लिए एमएसपी एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में फ्लोर प्राइस बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं -वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए क्विंटल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। एमएसपी का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार एमएसपी के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए। यह दो तरीकों से हो सकता है। मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार एमएसपी से कम दाम पर न हो। जहां मिल द्वारा उपज खरीदी जाती है, वह भी एमएसपी से कम पर न हो। यदि भाव को नियंत्रित करना जरूरी हो तो अंश-कालिक सरकारी खरीदी खोल देनी चाहिए। कॉम्पिटिशन से निजी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएंगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाजार भाव एमएसपी के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की जरूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है। दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव एमएसपी से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब एमएसपी का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी एमएसपी नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाजार एमएसपी के नीचे ही चलता रहा। ऐसी स्थिति में सरकार के लिए केवल एमएसपी के नियम को लागू करने से काम नहीं चलेगा। भाव को ऊपर खींचना होगा। इसके लिए सरकार को विकेंद्रीकृत तरीके से हर जिले में छोटे-छोटे उपार्जन-केंद्र खोलने होंगे और 10 से 40 प्रतिशत फसल खरीदने की व्यवस्था बनानी होगी। उदाहरण के लिए गेहूं को देखें। एक जिले में 50 से अधिक उपार्जन केंद्र हैं। किसान पंजीयन करते हैं और उन्हें पास का केंद्र मिल जाता है। उपार्जन के बाद पैसे उनके बैंक खाते में डाल दिए जाते हैं। इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण 30 से 50 प्रतिशत किसान इसका लाभ ले पाए। बड़ी बात यह रही कि निजी व्यापार पर कॉम्पिटिशन का असर पड़ा और मंडी के भाव एमएसपी के पास या अधिक रहे। उपार्जन ने निजी व्यापार भाव को भी ऊपर उठाया। 40 से 60 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से हुआ और किसानों को उचित भाव मिले।

नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है। हर वर्ष एमएसपी की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूं और चावल को छोड़कर) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 एमएसपी फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएंगे। इसे अनिवार्य करने के लिए एमएसपी की घोषणा से उपार्जन को जोड़ना होगा और केंद्र द्वारा संचालित एफसीआई को जिम्मेदारी एवं वित्तीय खर्च उठाना होगा। हर राज्य के लिए गेहूं और धान के साथ चुनिन्दा क्षेत्रीय फसलों पर यह नियम लागू होगा। केन्द्र और राज्य इसे तय करेंगे। कई मायनों में एफसीआई का काम बढ़ेगा। उन्हें उन राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर या सार्वजनिक व्यवस्था में निवेश करना होगा, जहां आज उपार्जन की व्यवस्था नहीं है। एफसीआई को गेहूं और चावल इन नए इलाकों से भी खरीदने होंगे और उसे अन्य फसलों के लिए भंडारण और वितरण की व्यवस्था बनानी होगी। गेहूं और चावल को छोड़कर एफसीआई को 30 प्रतिशत दूसरी फसलों का भण्डारण करना चाहिए, अन्यथा बिना उपार्जन वाली एमएसपी व्यवस्था एक खोखली घोषणा भर बनी रहेगी। जैसा पहले कहा गया है, केवल उपार्जन से बात नहीं बनेगी। मंडी में निजी बाजार भाव को ऊपर उठाना होगा। 60-70 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से होना है। इसके लिए राज्य सरकार को सार्वजनिक मंडी को मजबूत बनाना होगा और उसमें निवेश करना होगा। पारंपरिक मंडी को बेहतर बनाना और वहां खुली नीलामी एवं निगरानी की व्यवस्था कायम करनी होगी। इन सब पर अध्ययन हैं, लेकिन उनकी अनुशंसाओं पर काम नहीं हुआ है। तीसरी सूची उन फसलों की है, जिनका बाजार भाव एमएसपी से बहुत दूर है। कई दशकों की मार से इन फसलों की मांग घट गई है। किसानों ने इन्हें लगभग छोड़ दिया है। इनमें मोटा अनाज शामिल है, जो सबसे पौष्टिक है, पर इनका चलन बहुत कम है। उदाहरण के लिए ज्वार एक समय मुख्य अनाज होता था। दो वर्ष पहले उसका मण्डी भाव 1300 रुपए क्विंटल से 1450 रुपए क्विंटल था, जबकि एमएसपी 2738 रुपए क्विंटल था। ऐसी परिस्थिति में केवल सरकारी खरीदी से बात नहीं बनेगी।

# डब्लूटीओ की नीतियों को लेकर अमेरिका और चीन पर भड़का भारत

सनत जैन

विश्व व्यापार संगठन डब्ल्यूटीओ की 13वीं बैठक अबू धाबी में संपन्न हुई। इस बैठक में भारत ने अमेरिका और चीन को आडे.हाथों लिया। चीन की ओर से पेश किए गए आइएफडी प्रस्ताव पर सदस्य देशों ने असहमति जता दी। भारत के विरोध करने पर इस प्रस्ताव का उल्लेख नहीं होगा। चीन की सरकार वैसे तो विश्व व्यापार संगठन की सदस्य नहीं है, लेकिन विश्व व्यापार के कारण वह बैठक में शामिल होता है। चीन की ओर से जो प्रस्ताव आया था, उसके अनुसार महत्वाकांक्षी परियोजना और उससे जुड़े चीन के हितों का विरोध बैठक में शामिल देशों ने किया। विश्व व्यापार संगठन के विवादों को निपटाने के लिए जो अपीलेट ट्रिब्यूनल बननी थी। इस अपीलेट ट्रिब्यूनल के गठन में अमेरिका लगातार बाधा उत्पन्न करता रहा है। अबू धाबी में हुई बैठक में जब तक अपील ट्रिब्यूनल का गठन नहीं होता है तब तक के लिए प्रस्तावों के बारे में कोई सहमति नहीं बनी। सदस्य देशों का कहना था कि पहले अपीलेट ट्रिब्यूनल का गठन पहले होना चाहिए। विश्व व्यापार संगठन में विकसित देश, विकासशील देशों पर भारी दबाव बनाते हैं। भारत की ओर से कहा गया कि अमेरिका के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र गरीब देश के निर्यात में तरह-तरह के प्रतिबंध लगाते हैं। समय-समय पर कई व्यापारिक रोक लगाकर अनुचित लाभ कमाते हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि मुक्त व्यापार में यह सबसे बड़ी बाधा है। दुनिया भर के सभी बाजारों में बे-रोकटोक व्यापार और आयात निर्यात की अनुमति होनी चाहिए। भारत ने विश्व व्यापार संगठन की इस बैठक में सब्सिडी, मछली पालन, उसके आयात-निर्यात, कृषि क्षेत्र में सब्सिडी को लेकर भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत का पक्ष रखा। ट्रिब्यूनल के गठन को लेकर अमेरिका द्वारा लगातार बाधा डालने पर भारत ने आपत्ति जताई है। 2019 के बाद से अपीलीय ट्रिब्यूनल निष्क्रिय पड़ा हुआ है। अमेरिका न्यायाधीशों की नियुक्ति पर लगातार अड़ंगेबाजी कर रहा है। जिसके कारण विश्व व्यापार संगठन की विश्वसनीयता और मुक्त व्यापार के क्षेत्र में सभी देशों को नियमों का पालन करना था, वह नहीं हो पा रहा है। सारे मामले आपसी विवाद में पिछले कई वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं। विकसित राष्ट्र विकासशील देशों का ताकत और पैसे के बल पर शोषण कर रहे हैं। भारत ने किसानों और मछुआरों को लेकर बैठक में चिंता जाहिर की। कृषि के क्षेत्र में सारी दुनिया के देशों में विश्व व्यापार संगठन के नियमों का विरोध शुरू हो गया है। वैश्विक नीतियों के कारण सारी दुनिया के किसान सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। कृषि भूमि और कृषि उपज पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। कृषि के क्षेत्र में मेहनत किसान करता है, खाद्यान्न उत्पन्न करता है। किसान की लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण दुनिया भर के देशों में विश्व व्यापार संगठन से कृषि के क्षेत्र को बाहर करने की मांग तेजी के साथ उठाई जा रही है। लगभग एक दर्जन से ज्यादा देशों के किसान आंदोलनरत हैं। इसमें यूरोप के देश भी शामिल हैं। भारत के किसान भी अब डब्लूटीओ के खिलाफ सड़कों पर आकर विरोध कर रहे हैं। अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन की जो बैठक हुई, इसमें किसी भी मामले में सदस्य देशों के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई। एक तरह से यह बेनतीजा बैठक रही। चीन और अमेरिका की नीतियों को लेकर सदस्य देशों के बीच में तलखी भी देखने को मिली। विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देशों के बीच में जो संधि हुई है। उसका बड़ा खामियाजा भारत सहित दुनिया के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसान कर्ज के भारी बोझ से दब गए हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 03 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### मीरजापुर : राज्यपाल ने शहीद झूरी बिंद की प्रतिमा का किया अनावरण

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के शनिवार को जनपद पहुंचने पर केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल सहित अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। राज्यपाल ने नगर के दोमुहिया तिराहे पर शहीद झूरी सिंह बिंद की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद राज्यपाल आईटीआई परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, नगर विधायक रत्न ाकर मिश्र, रमाशंकर सिंह पटेल, रिंकी कोल, एमएलसी विनीत सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### वाराणसी में नौ मार्च को लगेगी लोक अदालत, मामलों का होगा निस्तारण

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ मार्च को किया जाएगा। इसमें सुलह-समझौते के आधार पर मुकदमों का निस्तारण किया जाएगा। विधिक सेवा प्राधिकरण लोक अदालत के प्रचार-प्रसार में जुट गया है।\ प्रभारी जनपद न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल कुमार पंचम, एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी अश्वनी कुमार दुबे, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष संतराम व लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर नजपद न्यायाधीश राकेश पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने बताया कि सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का वादों किया जाएगा। प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को लोक अदालत का लाभ दिलाया जा सके।

### वाराणसी : केबल कटने से सात घंटे गुल रही बिजली, हुई परेशानी

चौकाघाट उपकेंद्र से जुड़े तेलियाबाग क्षेत्र में केबल कटने से 10 घरों की बिजली आपूर्ति सात घंटे से अधिक समय तक गुल रही। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। केबल की मरम्मत के बाद रात में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। तब लोगों ने राहत की सांस ली। अधिशासी अभियंता नीरज पांडेय ने बताया कि गली में केबल कट गया था। इससे कई घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। तार की मरम्मत कराकर आपूर्ति बहाल कर दी गई।

### ट्रक से कुचलकर बुजुर्ग व्यक्ति की हुई दर्दनाक मौत

स्योहारा। शुक्रवार की दोपहर स्योहारा के फव्वारा चौक पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक बुजुर्ग को एक ट्रक ने कुचल दिया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई अपने परिजन की दुखद मौत की सूचना प्राप्त होते ही परिवार में मातम पसर गया और घटना स्थल पहुंचे। प्राप्त समाचार के अनुसार साबिर (60) पुत्र अब्दुल रशीद निवासी मंसूर सराय शुक्रवार की दोपहर किसी काम से फव्वारा चौक पर आए थे तभी धामपुर से ठाकुरद्वारा जा रहे एक ट्रक के पिछले पहिए के नीचे साबिर के दबने से वो बुरी तरह से कुचला गया और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौतहो गई।इस घटना में परिजनों द्वारा कोई कानूनी कार्यवाही की बात न कहते हुए पुलिस से शव को बिना पोस्टमार्टम के परिजनों को सौंप जाने की अपील पर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी ने पीड़ित परिवार के प्रति सहानुभूति रखते हुए आने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में डालते हुए शव को बिना पोस्टमार्टम के परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

### आरोपियों पर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने की बड़ी कार्यवाही

स्योहारा। बुधवार की देर रात ग्राम महूपुरा में हुए एक झगड़े पर पुलिस ने परिवार को पीटकर घायल करने वाले आरोपियों पर कानूनी कार्यवाही की।घटना की तहरीर देते हुए फिरोज पुत्र नफीस अहमद निवासी ग्राम महुपुरा ने बताया था की दिनांक 28 फरवरी को समय करीब रात्रि 10 बजे शाहिद, नाजिम पुत्रगण मंगला हुसैन व सहनवाज,सरफराज पुत्र गण साहिद निवासीगण महुपुरा थाना स्योहारा ने मेरे पिता जी नफीस पुत्र शकुर व मेरे तहेरे भाई वाजिद पुत्र शफीक व मेरी तेहरी भतीजी सनुवी पुत्री साजिद निवासीगण महुपुरा थाना स्योहारा के साथ घर के वाहर सडक पर गाली गलोच करते हुए नुकीले हत्यारो से व लाठी डंडो से हमला कर जान से मारने कि कोशिश की थी जिसके अंतर्गत अभी लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे जिनको इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया था। पुलिस ने मामले को तुरन्त संज्ञान में लेते हुए सभी नामजद आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया।

# वाराणसी : 2.64 करोड़ से होंगे शहर में कई विकास कार्य, मेयर ने 12 कार्यों का किया शिलान्यास



वाराणसी, एजेंसी

शहर के विभिन्न वार्डों में 2.64 करोड़ रुपये की लागत से सीवर, नलकूप रिबोर समेत तमाम विकास कार्य कराए जाएंगे। महापौर अशोक तिवारी ने 12 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणकार्य निर्धारित समयावधि के अंदर गुणवत्तापर्ण तरीके से पूरे कराए जाएं। इसमें किसी प्रकार की सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्ड संख्या 53 सिगरा में भवन संख्या डी० 59/66 सी०-10-1 से डी० 59/70 -ए पाल चश्मा सोनकर बस्ती के सामने महमूरगंज में 98 मी० एवं 250 एम०एम० व्यास एन०पी०-3 सीवर लाइन बदलने के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 6 लाख 67 हजार है। वार्ड संख्या 53 सिगरा में कस्तूरबा नगर में 01 बड़े नलकूप के रिबोर का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 56 लाख 93 हजार है। वार्ड संख्या 77 काजीपुरा में मकान नंबर सी० 14/162 से 14/165 तक 250 एम०एम० व्यास एम०पी०-3 सीवर लाइन डालने के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 02 लाख 53 हजार है। वार्ड संख्या 92 लल्लापुरा कलॉ के काजीपुरा मैदान में 01 नग मिनी नलकूप का अधिष्ठापन एवं अन्तः संयोजन के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 35 लाख 13 हजार है। वार्ड संख्या 40 चेतगंज में मकान नंबर सी० 4/384 शंकर जी की मंदिर से सी० 4/295 सी० तक सीवर लाइन बदलने के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 3 लाख 13 हजार है। वार्ड संख्या 40 चेतगंज में मकान नंबर सी० 4/348 से सी० 4/378 होते हुए, मकान नं- 4/377 तक 250 एम०एम० व्यास की एन०पी०-3 सीवर लाइन बदलने के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 3 लाख 73 हजार है। वार्ड संख्या 40 चेतगंज में भवन संख्या सी 4/334 से सी० 4/399-1 तक 250 एम०एम० व्यास की एम०पी०-3 सीवर लाइन बदलने के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 3 लाख 21 हजार है। वार्ड संख्या 63 जलालीपुरा में 01 नग मिनी नलकूप रिबोर के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 29 लाख 64 हजार है। वार्ड संख्या 34 नदेसर में चरण नगर कॉलोनी में नलकूप रिबोर के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 56 लाख 94 हजार है। वार्ड संख्या 02 सिकरौल में पत्रकारपुरम कॉलोनी में 01 नग मिनी नलकूप रिबोर के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 29 लाख 64 हजार है। वार्ड संख्या 30 पांडेपुर में टकटकपुर गांव में 120 मीटर पाइप लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 8 लाख 43 हजार है। वार्ड संख्या 30 पांडेपुर में रामधनी स्वीट से सिंधी कॉलोनी तक 250 एम०एम० व्यास की एम०पी०-3 सीवर लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 24 लाख 87 हजार है। इस अवसर पर पार्षद सिंधु सोनकर, प्रवीन राय, हारून अंसारी, श्रवण कुमार गुप्ता, सुशील गुप्ता, अशोक मौर्या, पार्षद प्रतिनिधि अतुल पाण्डेय, पूर्व पार्षद मनीष तिवारी व मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, उपाध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता एवं विभागीय अधिकारियों के साथ स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## अयोध्याः गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों संग रामलला के दर्शन किये



अयोध्या, एजेंसी

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने अपने मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों के साथ शनिवार को अयोध्या स्थित नवनिर्मित मंदिर में श्री रामलला के दर्शन किये। मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि गुजरात के श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में यात्री निवास बनेगा और इसके लिए राज्य के बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। श्री रामलला के दर्शन के लिए 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विशेष विमान से पहुंचा। उप्र सरकार में कृषि मंत्री और अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संगठन की तरफ से शैलेंद्र कोरी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य मंत्रियों का स्वागत किया और उन्हें अंगवस्त्र भेंट किये। सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुजरात प्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा, ह्यमुझे मेरे मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह अवसर हम सभी के लिए बहुत ही भावुक और श्रद्धापूर्ण है। उन्होंने कहा, ह्यविश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या मंदिर में प्रभु श्री राम चंद्र जी के नवीन विग्रह की अलौकिक प्राणप्रतिष्ठा देश में नए काल चक्र का उद्घोष है। इतना ही नहीं, यह अगले एक हजार वर्ष के लिए रामराज्य की स्थापना का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर भारत की दृष्टि के दर्शन का मंदिर बन गया है और सही अर्थों में यह मंदिर राष्ट्र की चेतना और नव जागरण का मंदिर है। पटेल ने कहा कि श्री रामलला का प्राणप्रतिष्ठा समारोह राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया गया, जो एक नए युग की शुरूआत है। हर एक हिंदू का संकल्प था कि अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण होना चाहिए जो अब पूर्ण हो गया है। मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि देश भर से लाखों श्रद्धालु राम मंदिर में प्रभु के दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं। हमारी सरकार में गुजरात के तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष आस्था ट्रेन शुरू की गई है, जिसके माध्यम से हजारों लोगों को रामलला के दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम की सुविधा प्राप्त हो इसके लिए यात्री निवास बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए राज्य के बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अयोध्या में भविष्य में निर्मित होने वाले यात्री भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद देता हूं।

## महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक शिव मंदिर पर रामलीला का आयोजन

### भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने किया रामलीला का फीता काटकर शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



मसवासी। स्वार टांडा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरका पट्टी रूपापुर में ऐतिहासिक शिव मंदिर पर भाजपा नेता एवं नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मोर्य ने महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में रामलीला का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बोलते हुए कहा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने पिता के वचनों का पालन करने के लिए 14 वर्षों का बनवास स्वीकार किया राम के जैसा चरित्र एवं उदाहरण दूसरा कोई देखने और सुनने में नहीं आता अयोध्या में 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भगवान श्री राम की जन्मभूमि पर भव्य श्री राममंदिर का निर्माण होने से करोड़ों हिंदुओं की आस्था का सम्मान हुआ है।घर-घर गली-गली दीप जलाए गए दीपावली मनाई गई। राम भारत की आत्मा है। श्रीराम ने अपने आराध्य देव भगवान शिवजी की भी लंका पर चढ़ाई से पूर्व रामेश्वरम में स्थापना, विधिवत पूजा उपासना एवं आराधना की थी। हमें भगवान श्री राम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं नितेंद्र प्रधान रोहिताश ठाकुर, गौरव शर्मा परमिंदर मौर्य विजय मौर्य आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## वाराणसी में फिर बदला मौसम का तेवर, बूंदाबांदी और हवाओं से ठंड का एहसास



वाराणसी, एजेंसी

वाराणसी सहित आसपास के जनपदों में शनिवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। तड़के हल्का बूंदाबांदी के बाद सुबह सूर्यदेव ने दर्शन दिया। कुछ ही देर में फिर बादलों ने आसमान में डेरा जमा लिया। इसके बाद हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम के मिजाज में बदलाव से लोगों को थोड़ा ठंड का भी एहसास हुआ। मौसम विभाग ने बीते शुक्रवार से बदलाव के संकेत दिए थे। शनिवार तक का अलर्ट जारी किया था। उन्होंने बताया था कि आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दोपहर या शाम को समय बादल गहरा सकते हैं। आंधी या तेज रफ्तार हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। गरज के साथ बौछारें भी पड़ने के आसार जताए गए। इसके साथ ही प्रदेश के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी दी गई थी। शुक्रवार को प्रदेश के कई जनपदों में दोपहर बाद मौसम पलटा। करीब चार बजे बादल गहरा गए, धूल भरी हवाएं चलीं और कुछ जगहों पर बूंदाबांदी शुरू हो गई। बाद में कई स्थानों पर कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश देखी गई। नमी की अधिकता के साथ सुबह और शाम की सर्दी बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बूंदाबांदी के आसार है। इसके पहले फरवरी माह के अन्तिम सप्ताह में भी मौसम का तेवर बदल गया था। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बूंदाबांदी और बारिश हो रही है। हल्की बारिश रवि की फसल गेंहू के लिए लाभदायक बताई गई है। मौसम विभाग ने अगले दो माह का पूवार्नुमान भी जारी किया है। इसके अनुसार लखनऊ और आसपास के कई जिलों में इस बार मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा होगी।

## भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चे का सामाजिक सम्मेलन हुआ संपन्न



● मोदी सरकार ने गांव ,गरीब किसान, व्यापारी, मजदूर एवं महिला सभी का रखा ध्यानः चेतन स्वरूप मौर्य

प्रात : किरण संवाददाता

मसवासी। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा स्वार ग्रामीण मंडल के मसवासी नगर में भाजपा नेता एवं निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मोर्य के निवास पर सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाअध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य ने भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की अनेकों उपलब्धियां गिनाई जिसमें बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की मोदी सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड देकर लोगों का जीवन सुरक्षित किया है जिसमें 5 लाख तक का निशुल्क इलाज किया जाता है एवं उज्जवला योजना के माध्यम से महिलाओं का जीवन अंधकार से मुक्त किया है महिला आरक्षण बिल लाकर महिलाओं को भागीदारी देने का काम किया। धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर में विकास की गंगा बहाई एवं आतंकवाद से मुक्त किया है एवं अयोध्या में भगवान श्री राम की जन्मस्थली पर भव्य श्री राममंदिर का निर्माण कराकर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का सम्मान किया है । इस मौके पर बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकारों ने 10 वर्षों में इतना काम किया है जो की 70 सालों के कांग्रेस के शासन में भी नहीं हुआ था प्रदेश में अन्य सरकारों के द्वारा लोगों के साथ भेदभाव किया जाता था लेकिन केंद्र एवं प्रदेश की मोदी एवं योगी सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है प्रत्येक गांव में पक्की सड़क एवं सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है किसानों को किसान सम्मान निधि देने का काम इस सरकार में किया गया है जिसमें आज किसान, व्यापारी, मजदूर एवं समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है एवं पूरे देश में यातायात को बेहतर बनाने के उद्देश्य से हाईवे का निर्माण बहुत तेजी से किया जा रहा है। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री जागन सिंह राजपूत ,दुर्गेश गंगवार ,रामपाल मौर्य, भाजपा नेता एवं समाजसेवी संजीव कुमार वर्मा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के स्वार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह मौर्य ,बिनेश मौर्य, अतर सिंह मौर्य, डालचंद, शिशुपाल सागर ,रमेश दिवाकर, रामनाथ प्रजापति आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर दिया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। कांग्रेस के कार्यकर्तों और पदाधिकारियों ने ज़िलाध्यक्ष ओमकार कटारिया के नेतृत्व में जन समस्याओं के समाधान हेतु जिला कलेक्ट्रेट/ज़िलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया उक्त घेराव कार्यक्रम पूर्व प्रस्तावित था। धरना प्रदर्शन एवं घेराव के उपरान्त महामहिम राष्ट्रपति महोदया महामहिम राज्यपाल महोदया एवं ज़िलाधिकारी महोदया अमरोहा के नाम बारह सूत्रीय संबोधित ज्ञापन एसडीएम कलेक्ट्रेट को सौपा। जिसमेंआवारा पशुओं की समस्या का समाधान करो,किसानों के कर्ज माफ करो ,युवाओं को रोजगार दो ,डीजल पेट्रोल के दाम कम करो,किसानों के बिजली बिल माफ करो,एमएसपी की गारंटी पर कानून बनाओ,पुरानी पेंसन योजना बहाल करो,सरकारी रासन वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार बंद करो ,महँगाई और भ्रष्टाचार खत्म करो,यूपी में घरेलू गैस का सिलेण्डर 400 का करो ,सुदेस जाटव हत्याकाण्ड की सीबीआई जाँच करो। धरने को संवोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी ने कहा भारतीय जनता पार्टी देश के लोगों को धार्मिक और जातिगत आधार पर बाँटकर देश में नफरत का माहोल पेदा कर रही है ,जो देश की जनता समस्याएँ है उस तरफ मोदी सरकार का कोई ध्यान नहीं है जनपद अमरोहा की जनता कि हितों के लिये संघर्ष करना हमारा परम कर्त्तव्य है हम अमरोहा की जनता को दुखी एवं परेशानी में माही देख सकते भाजपा की सरकारों ने किसानों को मजदूरो की और युवाओं को ठगने का काम किया है।ज़िलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा हमने आज बारह सूत्रीय माँगो का ज्ञापन सोपा है और माँग की है की इन सामस्याओं का समाधान मोदी- योगी सरकारों को एवं जिला प्रसासन अमरोहा को अति सिघ्र करना चाइए ,बरना हम फिर चौदह मार्च को फिर से जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे !भाजपा की सरकारों में दलित समाज पर लगातार अत्याचार हो रहे है जनपद रामपुर में 17 वर्षीय युवक की गोली लगकर हत्या हो गई ,कांग्रेस इस हत्याकांड की सीबीआई जाँच की माँग करती है जनपद अमरोहा में आवारा पशुओं की समस्या भयंकर है योगी जी मोदी जी सरकारें इस और बिलकुल भी गंभीर नहीं है ,युवा बेरोजगार घूम रहा है किसान आत्महत्या कर रहा है महिलाओं की इज्जत लूटी जा रही है महँगाई चरम पर है हर तरफ भ्रष्टाचार का बोल बाला है देश में अराजिकता का माहोल है और कानून व्यवस्था बिलकुल चौपट है हम इन समसायों पर चुप नहीं बैठ सकते। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया, सचिन चौधरी, अनीश विशाल अंसारी, फैज आलम रायनी, अब्दुल सत्तार सैफी, आसिम हुसैन साबरी, सचिन चौहान, राजकुमार अरुण, चौधरी सुखराज सिंह, तारीक मोहम्मद खान, ने संबोधित किया। चौधरी नरेंद्र सिंह, जयपाल सिंह जाटव, हरिओम पुष्कर, सुभाष यादव, मयंक कुमार गुर्जर, मनोज कटारिया, शाहिद सिद्दीकी खेड़ी, अली इमाम रिजवी, अफसर अली सैफी, सरदार इन्द्र सिंह,अलीहसन,जीशान अली, मोहसिन अली वाहिद अली सैफी फैजान सिद्दीकी इकबाल अंसारी आशीष चौधरी जयवीर चौधरी निक्षम चौधरी तालिब इदरीसी शकील अहमद आदि सेकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आगामी 6 मार्च को होगा शान---ए--- बिजनौर सम्मान समारोह एवं मुशायरा व कवि सम्मेलन

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा परिंदा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा फराह परवीन ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 6 मार्च 2024 को शाम 7:00 बजे सहसपुर में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के निकट अब्दुल्ला मैरिज हाल में ह्नशान --ए-बिजनौर सम्मान समारोहह्न व मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के जाने माने शायर ,कवि एवं साहित्यकार शामिल होकर अपने फन से प्रोग्राम में चार चांद लगाएंगे इस प्रोग्राम के माध्यम से जिला बिजनौर की जिन प्रतिभाओं ने शिक्षा, चिकित्सा, साहित्य ,खेल, पत्रकारिता, सामाजिक, व्यापार आदि क्षेत्रों में अपने द्वारा किए गए रचनात्मक एवं उत्कर्ष कार्य करते हुए जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है उनको सामने लाकर उनको सम्मानित भी किया जाएगा। आपको बताते चले कि ह्नपरिंदा सोशल वेलफेयर फाउंडेशनह्न समय-समय पर समाज के अंदर भाईचारा और आपसी प्रेम बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक एवं महिला सशक्तीकरण के लिये सामाजिक कार्यक्रम करती रहती है बहुत कम समय में ही ह्नपरिंदा सोशल वेलफेयर फाउंडेशनह्न की अध्यक्षा फराह परवीन के नेतृत्व में उनकी टीम समाज के अंदर अपने सामाजिक कार्यों से अमिट छाप छोड़ रही है।

## लोकसभा चुनावः निर्वाचन आयोग ने पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये

लखनऊ, एजेंसी




लोकसभा चुनाव को प्रलोभन-मुक्त सुनिश्चित करने और सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने और पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यसभी जिला चुनाव अधिकारियों को राजनीतिक दलों द्वारा दर्ज की गई शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। वर्तमान में, कोई भी शिकायत लंबित नहीं है, और सभी समस्याओं का समाधान संतुष्टि पूर्वक कर दिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ चुनाव आयुक्त अरुण गोयल भी मौजूद थे। इस मौके पर उप्र के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा भी मौजूद रहे। मुख्य चुनाव आयुक्त आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए 29 फरवरी से राज्य की राजधानी के तीन दिवसीय दौरे पर थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने अधिकारियों से धोखाधड़ी के मामलों की जांच करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से संबंधित फर्जी और धोखाधड़ी वाली गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। कुमार ने कहा, ह्नइस बार डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी, ईवीएम की आवाजाही आधिकारिक वाहनों में होनी चाहिए और वाहनों को जीपीएस ट्रैकिंग से लैस किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं को डाक मतपत्र के जरिये अपना वोट मतदाता सुविधा केंद्र पर डालना चाहिए। कुमार ने कहा, ह्यचुनाव पर्यवेक्षकों के नाम और नंबर सार्वजनिक किए जाएं, ताकि सभी तक इसकी पहुंच हो सके। उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों से निपटने के लिए

## जिला स्तर पर एक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ बनाया जाएगा

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक तकनीक के उपयोग से आम जनमानस की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जीवन के हर क्षेत्र में सुधार से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है। उन्होंने कहा कि जहां शासन की सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर नागरिक तक पहुंच सके वही सुशासन है और सुशासन का यही मॉडल रामराज्य है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79000 उचित दर दुकानों पर मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ किया। एक सरकारी बयान के अनुसार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, मगर राशन कोई और ही डकार जाता था। उन्होंने कहा, ह्यह्ययहां तक कि 2017 से पहले प्रदेश के कई जनपदों में भूख से भी मौतें होती थीं। मगर हमने पहले ई पॉश मशीन और अब ई वेइंग मशीन जैसी तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुए हैं। मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में बताते हुए कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं और कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी।

## लोकसभा चुनावः भाजपा की पहली सूची जारी, अमरोहा से कंवर सिंह तंवर को बनाया प्रत्याशी

प्रात : किरण ब्यूरो, इकरामुद्दीन मलिक



● 2014 में बने थे पहली बार सांसद, डेढ़ लाख वोटों से दर्ज की थी जीत

अमरोहा। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को शाम लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। अमरोहा लोकसभा सीट पर पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर पर पार्टी हाइकमान ने फिर से भरोसा जताया और उन्हें आगामी चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित किया है। टिकट घोषित होने पर समर्थकों ने मिठाई बांट कर खुशी जताई। कंवर सिंह तंवर की पहचान नेता कम समाजसेवी व उद्योगपति के रुप मे की जाती है। कंवर सिंह तंवर 2014 लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरे थे। इस से पहले ही वह 2012 में अमरोहा आ गए थे तथा यहां समाजसेवा में जुट गए थे। गांव गांव एंबुलेंस पहुचा कर लोगों का निःशुल्क उपचार कराने वाले तंवर चुनाव से पहले ही क्षेत्र के लोगों के बीच जगह बनाने में कामयाब रहे। जिसका फायदा उन्हें चुनाव में मिला।कंवर सिंह तंवर की पहचान अमरोहा में एंबुलेंस वाले तंवर के नाम से है। जनता के बीच बनी इसी पहचान का उन्हें 2014 के चुनाव में खासा फायदा मिला जिसकी वजह से वह डेढ़ लाख वोटों से जीत कर सांसद बनें। कंवर सिंह तंवर ने तत्कालीन सपा सरकार के मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर को पराजित कर पार्टी में अपनी छाप छोड़ी। 2014 में कंवर सिंह तंवर के लिए खुद नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित करने आए थे। उनका भाषण ने कंवर सिंह तंवर के पक्ष में माहौल बना दिया था। **फिर भारी पड़े तंवर, पार्टी ने तीसरी जताया भरोसा** अमरोहा। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी इखढ ने कंवर सिंह तंवर पर ही भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा था। लेकिन गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली ने उन्हें एक लाख वोटों के अंतर से पराजित किया था। मौजूदा समय मे भी टिकट के लिए कई दावेदार थे लेकिन तीसरी बार भी अमरोहा से भाजपा ने कंवर सिंह तंवर को ही प्रत्याशी बनाकर उनका कद बढ़ा दिया। टिकट होने पर उनके समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई।



## करण पर लगे नेपोटिज्म आरोप हैं गलत

सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर योद्धा 15 मार्च को रिलीज होगी। इस फिल्म में राशी खन्ना और दिशा पाटनी भी अहम किरदारों में नजर आएंगी। ऐसे में फिल्म की कास्ट इन दिनों प्रमोशन में व्यस्त है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर दिशा पाटनी ने अपनी मॉडलिंग और एक्टिंग की जर्नी के राज खोले।

### दिशा पाटनी ने खोले राज

दिशा ने लॉन्च के दौरान कहा- अगर आज मैं एक्ट्रेस हूं, तो करण जौहर की वजह से। करण जौहर उनमें से हैं जिन्होंने मॉडलिंग के दिनों में मुझे स्पॉट किया था। उस समय मैं सिर्फ 18 साल की थी। मुझे ऐसा लगता है कि अगर करण ने मुझे स्पॉट नहीं किया होता, तो शायद मैं इस इंडस्ट्री में नहीं होती। लोग उनके ऊपर चाहे जितने भी आरोप लगा दें, लेकिन मुझे लाने वाले वही थे। मैं एक आउटसाइडर हूं, जिसे मौका देने वाले करण जौहर ही हैं। दिशा का ऐसा बयान सुनकर करण जौहर ने उन्हें गले लगाया।

### दिशा की बात पर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी हामी भरी

दिशा पाटनी का ऐसा बयान सुनकर सिद्धार्थ खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने कहा- क्या बात कर रही हो दिशा, मैं भी। बता दें, सिद्धार्थ मल्होत्रा ने साल 2012 में आई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। उस समय सिद्धार्थ खुद भी एक आउटसाइडर ही थे, और करण जौहर ने उन्हें लॉन्च किया था।

### करण ने भी अपनी बात रखी

करण जौहर को अक्सर नेपोटिज्म को लेकर ट्रोल किया जाता है। ऐसे में करण ने ट्रोलर्स पर भी निशाना साधा। करण ने फिल्म इंडस्ट्री के एक्टर्स और डायरेक्टर्स का जिक्र किया जो कि बाहर से आए हुए हैं। उन्होंने योद्धा के डायरेक्टर शशांक खैतान को आउटसाइडर्स का ब्रांड एंबेसडर भी कहा। करण जौहर बोले- हर कोई जो हम पर केवल इंडस्ट्री के लोगों के साथ काम करने का आरोप लगाता है, शशांक खेतान आउटसाइडर्स के ब्रांड एंबेसडर हैं। सागर और पुष्कर भी बाहर से आए हुए लोग हैं। इसलिए, अगली बार जब कोई हमें ट्रोल करे, तो उसे योद्धा फिल्म को जरूर देखना चाहिए। क्योंकि इस फिल्म का लीड भी एक आउटसाइडर ही है। राशि और दिशा भी ऐसी ही हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि मैं अब एक और ताज का हकदार हूं। जिसने भी मेरा सिर काटने की कोशिश की, योद्धा से सावधान रहें।



## अच्छा मौका नहीं मिले, तो अपने लिए खुद बना लो

**एक्ट्रेस कृति सेनन फिल्म 'दो पत्ती' से प्रॉडक्शन के क्षेत्र में अपने कदम बढ़ा रही हैं। फिल्म प्रॉडक्शन के लिए जिस तरह उन्होंने क्रिएटिव काम किया, उससे वह काफी संतुष्ट हैं। कृति ही नहीं, इस फिल्म में काजोल भी अहम रोल अदा कर रही हैं। डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी की इस फिल्म की स्क्रिप्ट कनिका ढिल्लन ने लिखी है। कनिका भी इस फिल्म से एक प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू कर रही हैं। गौरतलब है कि इसे जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।**

### करना था एक्टिंग से कुछ अलग

'नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स' इवेंट में भाग लेते हुए कृति ने बताया कि वह चाहती थीं कि एक्टिंग से अलग कुछ ऐसी भूमिकाएं भी निभाएं, जिनमें उन्हें कुछ क्रिएटिव करने के लिए मिले। इसी वजह से एक प्रोड्यूसर के तौर पर उन्होंने इस फिल्म के साथ जुड़ना चाहा। उन्होंने बताया 'फिल्म 'मिमी' के बाद मुझे ऐसी भूमिकाएं चाहिए थीं जो बहुस्तरीय हों, गहन हों और उसमें मैं कुछ हटकर कर सकूं।'

### इंतजार में विश्वास नहीं करतीं

कृति इस बात में विश्वास नहीं करती कि उन्हें समय मिलने पर सही मौका मिल जाएगा और न ही वह इसका लंबे समय तक इंतजार कर सकतीं। वह तो खुद में कुछ करने पर यकीन करती हैं। उन्होंने कहा कि जब आपको सही और अच्छा मौका न मिले, तो खुद से इसे बना दो। फिल्म 'दो पत्ती' ने उन्हें ऐसा ही कुछ अलग करने को मिला, जिसे करके वह काफी संतुष्ट भी हैं। कृति ने कनिका की भी प्रशंसा की और कहा कि वह फिल्म की प्लानिंग से लेकर प्राडॅक्शन तक हर स्टेज पर भागीदार बनीं।

### फिल्म से जुड़ी है कृति की आत्मा

कृति को उनकी फिल्म 'मिमी' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस के रूप में नैशनल फिल्म अवॉर्ड भी दिया जा चुका है। उन्हें बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम करते हुए 9 साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। फिल्म 'दो पत्ती' की शूटिंग खत्म होने के वक्त कृति ने एक खास मेसेज भी दिया था। उन्होंने कहा था, 'हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा होती है।' अब प्रोड्यूसर के तौर पर उन्होंने पूरी मेहनत से काम किया है।



## एक्ट्रेस सीरत कपूर ने कहा, मेरे पिता मेरा ऑडिशन लेते थे

शो रब से है दुआ में मन्नत का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस सीरत कपूर ने बताया कि उनके पिता ही उनके सबसे बड़े आलोचक हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता उनकी हर भूमिका से पहले उनका ऑडिशन लेते थे, ताकि वह उस भूमिका के लिए ठीक से अभ्यास कर सकें। सीरत को अपने परिवार से सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम मिलता है, जिसमें उनके पिता उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीरत ने पांच साल की उम्र में बाल कलाकार के रूप में मॉडलिंग में कदम रखा था। उनके पिता ने उनका मार्गदर्शन करने साथ उन्हें प्रेरणा दी। सीरत ने कहा, मेरे पिता मेरे मार्गदर्शक रहे हैं। जिस उम्र में ज्यादातर लोग एक दिनचर्या में बस जाते हैं, उस उम्र में अपने जुनून का पालन करने के उनके फैसले ने मुझे निडर होकर अपने सपनों को पूरा करने का महत्व सिखाया है। उन्होंने न केवल मेरा शुरुआती समर्थन किया बल्कि मेरे जीवन के हर पहलू में मेरी प्रेरणा बने। उन्होंने कहा, मेरे पिता मेरा ऑडिशन लेते थे ताकि मैं ठीक से प्रैक्टिस कर सकूं। शुरू में, मैं अपनी लाइनें पढ़ने और उनके सामने अभिनय करने में थोड़ा हिचकिचाती थी, लेकिन बाद में यह सहज हो गया।



## दे दे प्यार दे 2 में फिर जमेगी अजय रकुल की जोड़ी

अजय देवगन इस साल एक से बढ़कर एक फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। अभी कुछ दिन पहले हमें पता चला कि देवगन को उनकी 2018 की फिल्म रेड के सीक्वल के लिए चुना गया है। अब जानकारी मिली है कि वह एक और सीक्वल दे दे प्यार दे 2 के लिए तैयारी कर रहे हैं। 2019 की फिल्म दे दे प्यार दे सबसे पसंदीदा कॉमेडी में से एक थी। साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्म और रकुल प्रीत सिंह के साथ देवगन की रोमांटिक केमिस्ट्री ने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली।

दे दे प्यार दे 2 की स्टारकास्ट

फिल्म दे दे प्यार दे का बजट 50 करोड़ रुपये था, और इसने बॉक्स ऑफिस पर 143 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की, जो कि अजय देवगन की साल 2019 की बड़ी सफलता थी। रोमांटिक-कॉमेडी एक लव ट्राइएंगल थी। ताजा रिपोर्ट की मानें तो अजय देवगन अब दे दे प्यार दे के सीक्वल की तैयारी कर रहे हैं, जो जून 2024 से शुरू होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं, सीक्वल में तब्बू और रकुल प्रीत सिंह भी फिर से नजर आएंगी। इसमें कोई शक नहीं कि तीनों के साथ यह बेहद हंसी का सफर होने वाला है।


दे दे प्यार दे की कहानी

दे दे प्यार दे में मुख्य किरदार आशीष (अजय देवगन) द्वारा अपने से बहुत छोटी आयशा (रकुल प्रीत सिंह) के साथ अपने रिश्ते को स्वीकार करने में और परिवार के जरिए इसे स्वीकार किए जाने में आने वाली चुनौतियों को दर्शाया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, अगली कड़ी में इस विषय पर विस्तार से चर्चा होने की उम्मीद है। आयशा के परिवार की अपनी बेटी से उम्र में काफी बड़े व्यक्ति के साथ रिश्ते पर प्रतिक्रियाएं होंगी।

अजय देवगन का वर्कफ्रंट

अजय देवगन इन दिनों सिंघम अगेन और रेड 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। दिलचस्प बात यह है कि निर्माता मई 2024 के अंत तक दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इसके तुरंत बाद जून के शुरुआती हफ्ते में अजय देवगन दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। यह 54 साल के स्टार की अद्भुत बहुमुखी प्रतिभा और अनुभव को साबित करता है, क्योंकि वह कुछ ही दिनों में एक्शन शैली से कॉमेडी शैली में अपना दमखम दिखाएंगे।

## फिल्म लुका छुपी ने मुझे नई पहचान दी



कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म लुका छुपी ने अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं। इसे लेकर एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उनकी यह फिल्म 2018 में उनकी ब्लॉकबस्टर सोनू के टीटू की स्वीटी के बाद रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उन्हें पहचान दी। पोस्ट में कार्तिक ने लुका छुपी का एक सीन शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, फिल्म लुका छुपी ने अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी के ठीक बाद रिलीज हुई, इसने मुझे पहचान दी। लुका छुपी की पूरी टीम और दर्शकों का धन्यवाद। फिल्म में एक्ट्रेस कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी कार्तिक के किरदार गुड्डु के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक रिपोर्टर है। उसे रश्मी से प्यार हो जाता है और वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगते हैं। फिल्म की सिर्फ स्क्रिप्ट ही नहीं, पोस्टर लगवादो बाजार में, कोका कोला, फोटो और लौंग लाची जैसे गाने भी लोकप्रिय हुए। इन दिनों कार्तिक के पास कई फिल्में हैं। उनके पास कबीर खान की चंदू चैंपियन, भूल भुलैया 3, आशिकी 3 और कई अन्य प्रोजेक्ट हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की याद दिलाती है सारा अली खान की ऐ वतन मेरे वतन



सारा अली खान अभिनीत फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर कुछ अलग तरीके से लॉन्च किया गया। प्राइम वीडियो के साथ करण जौहर ने इस फिल्म की कहानी बताते हुए इसे सामने लाया। फिल्म में एक्ट्रेस 22 साल की उषा का किरदार निभाती नजर आएंगी। जिन्होंने क्विट इंडिया मूवमेंट में एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाकर देश के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा दिखाई थी। टीजर एक मिनट 32 सेकंड का है। करण जौहर एक पुराने संग्रहालय में खड़े नजर आ रहे हैं जहां एक बोर्ड भी दिखाई दे रहा है जिस पर ऐ वतन मेरे वतन लिखा हुआ है। टीजर में एक पुराने रेडियो रिसीवर को भी देखा जा सकता है। वीडियो में निर्देशक-निर्माता को यह कहते हुए दिखाया गया है, 1942 में अंग्रेज क्विट इंडिया मूवमेंट को बेरहमी से कुचल रहे थे। लेकिन फिर आईं उषा, 22 साल की उम्र में उषा ने हमारी जंग में एक नई जान भरी,अंग्रेजों को चकमा देते हुए अपनी जान पर खेलकर एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाया। ऐ वतन मेरे वतन में मिलिए उषा से जिनके रेडियो ने अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया था। उषा की कहानी मुझे हमारे कई युवा, गुमनाम नायकों की याद दिलाती है।

उषा मेहता की बहादुरी की प्रेरक कहानी के बारे में बताते हुए करण ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की कहानी राजी में आलिया भट्ट द्वारा अभिनीत भूमिका के बारे में भी बात की। इसके साथ ही करण ने शेरशाह में सिद्धार्थ मल्होत्रा द्वारा अभिनीत कैप्टन विक्रम बत्रा (पीवीसी) का भी जिक्र किया, जिन्होंने दुश्मन के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। कन्नन अय्यर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सारा के अलावा सचिन खेडेकर, स्पर्श श्रीवास्तव, अभय वर्मा, एलेक्स ओ नील और आनंद तिवारी मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही इसमें इमरान हाशमी भी नजर आएंगे।



## जान्हवी कपूर ने किया स्टैंड-अप कॉमेडी में डेब्यू

जान्हवी कपूर ने स्टैंड-अप कॉमेडी में अपना डेब्यू किया है। उनके स्टैंड-अप करने का पर्पज लोगों को मानव पैपिलोमावायरस संक्रमण के बारे में जागरुक करना है। उन्होंने सभी को हंसाकर इस बड़ी बीमारी के बारे में बहुत ही आसानी से लोगों को जागरुक किया। एक्ट्रेस ने बताया कि ये बीमारी इंटीमेसी के दौरान स्किन टच होने पर फैलती है। एक्ट्रेस ने कहा कि इसमें हाथ मिलाने जैसा टच शामिल नहीं है। यहां बात इंटीमेसी टच की हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वायरस से कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। ये महिलाओं और पुरुषों दोनों को हो सकता है। जान्हवी ने बताया कि वायरस अपने साथ बड़ी बीमारी लेकर आता है। इससे बचने का एक सबसे बड़ा तरीका है वैक्सीन लगवाना। वहां मौजूद लोगों को एक्ट्रेस ने समझाया कि अगर आप किसी को डेट कर रहे हैं, तो वो लोग वैक्सीन जरुर लगवाएं। जान्हवी कपूर को आखिरी बार नितेश तिवारी की फिल्म 'बवाल' में देखा गया था, जिसमें वरुण धवन भी थे। वो शशांक खेतान की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में एक बार फिर वरुण के साथ नजर आएंगी। उनके पास पाइपलाइन में राजकुमार राव के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही' भी हैं। जान्हवी जूनियर एनटीआर के साथ 'देवारा' में भी एक्टिंग कर रही हैं, ये फिल्म तेलुगु में बनाई जा रही है।

## एक्ट्रेस ममिता बैजू ने डायरेक्टर बाला पर लगाए गंभीर आरोप

मलयालम एक्ट्रेस ममिता राजू का आरोप है कि डायरेक्टर बाला उन्हें डांटते और पीटते थे। ममिता बैजू ने बताया कि वह बाला की फिल्म वनंगान में काम रही थीं पर बीच में छोड़ दी।ममिता बैजू ने एक इंटरव्यू में आपबीती सुनाई है और बताया कि सेट पर क्या कुछ हुआ था। मलयालम फिल्मों की एक्ट्रेस ममिता बैजू ने डायरेक्टर बाला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ममिता पहले बाला के साथ उनकी फिल्म वनंगान में काम कर रही थीं, पर बाद में उन्होंने यह फिल्म छोड़ दी। ममिता बैजू ने बताया कि बाला उन्हें सेट पर डांटते थे और मारपीट भी करते थे। वनंगान में ममिता बैजू को बतौर लीड हीरोइन साइन किया गया था। फिल्म में हीरो सूर्या था। लेकिन बाद में दोनों ही स्टार्स ने फिल्म बीच में छोड़ दी। ममिता बैजू ने कहा, फिल्म में विलादिचम्पातु नाम की कोई चीज है, और इसे देखकर मैंने पूछा कि क्या मैं यानी फिल्म में मेरा किरदार लंबे समय से इसकी प्रैक्टिस कर रहा है या क्या इसे ऐसे दर्शाया गया है जैसे वह पहली बार इसकी प्रैक्टिस कर रही है। मुझे बताया गया कि मेरे किरदार को व्यापक अनुभव वाला दिखाया गया है। तो ऐसी स्थिति में मुझे तो माहिर होना चाहिए ना? क्योंकि परफॉर्म करते वक्त आपको ड्रम बजाते हुए गाना होता है और यह एक खास अंदाज में भी होता है। ममिता बैजू ने आगे बताया, फिर बाला ने मुझसे एक महिला की ओर इशारा किया, जो एक विलादिचम्पातु कलाकार थी। बाला ने मुझसे कहा कि मैं उसे वह परफॉर्म करते हुए देखूं। जैसे ही मैंने देखा तो उन्होंने कहा ठीक है और फिर अनाउंस कर दिया कि हम टेक के लिए जा रहे हैं। मैं हैरान थी और इसके लिए तैयार नहीं थी। ममिता बैजू ने फिर कहा, मुझे यह भी समझ नहीं आया कि वो क्या गा रहे थे। इसे सीखने के लिए मुझे तीन बार कोशिश करनी पड़ी। इस बीच उन्होंने मुझे कई बार डांटा भी। उन्होंने मुझे पहले ही बता दिया था कि वह ऐसे ही होंगे और गलत बातें कहेंगे और डांटेंगे। उन्होंने मुझे सलाह दी थी कि मैं इसे गंभीरता से न लूं, भले ही उस समय बुरा लग सकता है। इसलिए, सेट पर रहते हुए मैंने इसके लिए मानसिक रूप से तैयारी कर ली थी। वह मुझे पीटते भी थे। सूर्या सर को इसके बारे में (बाला के तरीकों के बारे में) पहले से ही पता था क्योंकि वह पहले भी साथ काम कर चुके थे। तो, उनका तालमेल अच्छा था, और मैं इसमें नई थी।






सेंसेक्स
73860.26 पर बंद
निफ्टी
22395.00 पर बंद

सोना
63,600
चांदी
70,630

## संक्षिप्त समाचार

### पेटीएम मर्चेंट भुगतान में सबसे आगे, 76 प्रतिशत व्यापारियों ने किया इसका इस्तेमाल

**भोपाल।** डाटम के एक हाल में किये गये सर्वे में पता चला है कि 76 प्रतिशत से ज्यादा व्यापारी अपने लेन-देन के लिये पेटीएम का इस्तेमाल पसंद करते हैं। पेटीएम भारत की अग्रणी भुगतान एवं वित्तीय सेवा कंपनी है। इस कंपनी ने क्यूआर, साउंडबॉक्स और मोबाइल पेमेंट्स की पहल की है। व्यापारियों को होने वाले भुगतानों के लिये वह लगातार पहली पसंद बनी हुई। आरबीआई के हालिया फैसले ने भुगतान लेने के लिये व्यापारियों के तरीकों को तरह-तरह से प्रभावित किया है। सर्वे किये गये 59 प्रतिशत व्यापारियों ने किसी तात्कालिक असर की बात नहीं की है और पेटीएम का इस्तेमाल जारी रखना पसंद किया है। सर्वे में यह खुलासा भी किया गया है कि डिजिटल भुगतानों के मामले में पेटीएम सबसे आगे है। 58 प्रतिशत व्यापारियों ने पेटीएम को, 23 प्रतिशत ने गूगल पे को और 3प्रतिशत ने भारत पे को पसंद किया।

### एमपी के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिला कारीगरों को विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बना रहा ईडीआईआई

**भोपाल ।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) बड़े पैमाने पर मोदी जैकेट बनाने के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिलाओं को विशेष कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। संस्थान ने क्षेत्र की महिलाओं को उनके कौशल को बढ़ाने और क्लस्टर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक साधन और ज्ञान से लैस करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), गांधीनगर के साथ साझेदारी की है। बदरवास जैकेट क्लस्टर, जैकेट तैयार करने और संबंधित गतिविधियों में लगे लोगों के एक मजबूत सेंटर के रूप में उभरा है। पारंपरिक औद्योगिक केंद्रों के विपरीत यह जैकेट क्लस्टर महिला कार्यबल के धैर्य और समर्पण से स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ है। क्लस्टर की क्षमताओं को और बढ़ाने और जैकेट की बढ़ती मांग को पूरा करने की अनिवार्य आवश्यकता को पहचानते हुए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना के तहत एक प्रोड्यूसर कंपनी को बढ़ावा दिया है, जिसका स्वामित्व और प्रबंधन बदरवास की महिला कारीगरों के हाथों में है। इस प्रकार उन्हें खुद की एक कंपनी का शेयरधारक बनने का अवसर हासिल हो रहा है। ईडीआईआई मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से इस क्लस्टर डवलपमेंट प्रोजेक्ट को कार्यान्वित कर रहा है।

### दिव्यांगजनों के अधिकारों के लिए जारी हुआ अपनी तरह का पहला घोषणापत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में अपनी तरह की पहली पहल में, दिव्यांगजनों के लिए रोजगार को बढ़ावा दे रही संस्था नेशनल सेंटर फॉर प्रोमोशन ऑफ इम्प्लायमेंट फॉर डिसेबल पीपुल (एनसीपीईडीपी) के नेतृत्व में तथा नेशनल डिसेबिलिटी नेटवर्क (एनडीएन) के सहयोग से दिव्यांगता अधिकार समूहों द्वारा गुरुवार को एक विशेष दिव्यांगता घोषणापत्र जारी किया गया। इसे दिव्यांग जनों के लिए और उनके द्वारा घोषणापत्र नाम दिया गया है। इसमें राजनीतिक दलों से आगामी लोकसभा चुनावों में दिव्यांग जनों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने और उनकी चुनौतियों का समाधान पेश करने का आग्रह किया गया है।

# चौतरफा तेजीः चौथी बार केंद्र सरकार ने की सर्वाधिक कमाई; वाहन बिक्री मामले में कंपनियों ने काटी चांदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार के नीतिगत सुधारों और विभिन्न उपायों का असर देश की अर्थव्यवस्था में सभी मोर्चों पर तेजी के रूप में पूरी तरह दिखन लगा है।तीसरी तिमाही में जीडीपी में उम्मीद से तेज बढ़ोतरी के बाद अब सरकार को फरवरी, 2024 में जीएसटी के जरिये चौथी बार सबसे ज्यादा 1.68 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई है।इसकी प्रमुख वजह घरेलू बिक्री और आयात का बढ़ना है। इसके साथ ही, चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 फीसदी अधिक है।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर कहा, चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक सकल जीएसटी संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 41,856 करोड़ रुपये व राज्य जीएसटी के लिए 35,794 करोड़ का निपटान किया। इस तरह, फरवरी के नियमित निपटान के बाद सीजीएसटी संग्रह 73,641 करोड़ रुपये व एसजीएसटी 75,569 करोड़ रुपये रहा। केपीएमजी इंडिया के पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा, अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी वृद्धि और जीएसटी राजस्व के आंकड़े भारतीय जीडीपी की मजबूती एवं घरेलू खपत में तेजी को दर्शाते हैं।



### सभी राज्यों में तेजी से बढ़ रहा उपभोग

डेलॉय इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा, तीसरी तिमाही के लिए मजबूत जीडीपी आंकड़ों के बाद अच्छा जीएसटी संग्रह सभी क्षेत्रों में व्यापक खपत को दर्शाता है। उन्होंने कहा, लगभग सभी प्रमुख राज्यों में जीएसटी संग्रह में आठ से 21 फीसदी तक की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। इससे पता चलता है कि सभी राज्यों में उपभोग बढ़ रहा है।

### वाहन बिक्री : उद्योग के लिएतीसरा सबसे अच्छा महीना

स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की मजबूत मांग के दम पर वाहनों की थोक बिक्री के लिहाज से फरवरी, 2024 उद्योग के लिए अब तक का तीसरा सबसे अच्छा महीना साबित हुआ। इससे पहले जनवरी, 2024 में सबसे ज्यादा 3,94,500 और अक्तूबर, 2023 में 3,91,811 यात्री वाहन बिके थे। पिछले माह मारुति सुजुकी, ह्युंडई और टाटा मोटर्स ने बिक्री में तेजी दर्ज की।

मारुति सुजुकी इंडिया ने फरवरी, 2024 में थोक बाजार में 1,97,471 वाहन बेचे। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि के 1,72,321 इकाइयों से 15 फीसदी अधिक है। घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री भी 9 फीसदी बढ़कर 1,60,271 इकाई पहुंच गई।

कारखानों में उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर फरवरी, 2024 में पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इसमें घरेलू और बाहरी मांगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 पहुंच गया। जनवरी, 2024 में यह 56.5 रहा था। पिछले महीने का यह आंकड़ा इस बात की तस्दीक कर रहा है कि देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर हुआ है। साथ ही, यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति है।

खरीद लागत महंगाई 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई। इससे बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग बढ़ने के कारण नए निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार देखने को मिला है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 फरवरी को समाप्त हफ्ते में 2.98 अरब डॉलर बढ़कर 619.07 अरब डॉलर पहुंच गया है। 16 फरवरी वाले सप्ताह में यह 1.13 अरब डॉलर घटकर 616.1 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के मुताबिक, विदेशी मुद्रा संपत्तियां 2.41 अरब डॉलर बढ़कर 548.19 अरब डॉलर रही है। सोने का भंडार 47.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.85 अरब डॉलर रहा है।

## सोने-चांदी के दाम में उछाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 350 रुपये उछलकर 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबार में कीमती धातु 62,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी 400 रुपये बढ़कर 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि पिछले बंद में यह 74,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजार में तेजी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 350 रुपये बढ़कर 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,045 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 11 अमेरिकी डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा, व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मूल्य सूचकांक डेटा जारी होने के बाद, जिसने अमेरिका में मुद्रास्फीति में कमी के संकेत दिए और इस साल के अंत में फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति दर में कटौती की उम्मीदें बढ़ा दीं। उन्होंने कहा कि डेटा जारी होने के बाद पीली धातु की कीमतें चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

## एफआईयू ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाया 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना, वित्त मंत्रालय ने बताया यह कारण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया ने मनी लॉन्ड्रिंग के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय के अनुसार अवैध गतिविधियों में लिप्त इकाइयों की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक में रखे गए बैंक का इस्तेमाल किया गया।

एफआईयू-आईएनडी ने कुछ संस्थाओं और उनके व्यवसायों के नेटवर्क के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जानकारी मिलने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समीक्षा शुरू की थी। ये संस्थान ऑनलाइन जुआ खेलने की सुविधा देने जैसे अवैध कार्यों को अंजाम दे रहे थे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इन अवैध परिचालनों से प्राप्त धन, यानी अपराध की आय का लेनदेन पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खातों के माध्यम से किया गया।

वित्त मंत्रालय ने कहा, फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) ने पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत नियमों के उल्लंघन के कारण पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड पर 5.49 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। एफआईयू ने 15 फरवरी को




जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया था। एफआईयू ने यह कार्रवाई आरबीआई के 31 जनवरी के उस निर्देश के बाद की है, जिसमें पेटीएम पेमेंट बैंक को अपने ग्राहकों के खातों में 29 फरवरी से ताजा जमा स्वीकार करने से रोक दिया गया था। बाद में यह तिथि बढ़ाकर 15 मार्च कर दी गई।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बयान

वहीं, पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता का कहना है कि यह जुर्माना एक बिजनेस सेगमेंट के मामले से संबंधित है जिसे दो साल पहले बंद कर दिया गया था। उसके बाद, हमने वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के लिए अपनी निगरानी प्रणाली और रिपोर्टिंग तंत्र को मजबूत किया है।

## त्योहार पर घर जाने के लिए नहीं मिली बस, जली दिमाग की बत्ती, फिर 5 लाख से बना डाली 7,000 करोड़ की कंपनी !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फणींद्र सामा देश के जाने-माने उद्यमी हैं। वह रेडबस के संस्थापक हैं। रेडबस भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन बस टिकटिंग कंपनी है। इस कंपनी की नींव उन्होंने अपने दो दोस्तों के साथ रखी थी। तीनों ने मिलाकर इसमें सिर्फ 5 लाख रुपये की पूंजी डाली थी। बाद में यही 7,000 करोड़ रुपये की कंपनी में तब्दील हो गई। कंपनी को शुरू करने का आइडिया भी फणींद्र को तब आया जब त्योहार पर घर जाने के लिए वह बस में टिकट नहीं बुक करा पाए थे। बाद में इस कंपनी को इबबिो ग्रुप ने खरीद लिया था। आइए, यहां फणींद्र के सफर के बारे में जानते हैं।

### स्टार्टअप इकोसिस्टम में जाना-माना नाम

फणींद्र भारतीय स्टार्टअप



इकोसिस्टम में जाना-माना नाम हैं। हालांकि, बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्होंने तेलंगाना के चीफ इनोवेश ऑफिसर के रूप में भी काम किया है। वह बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के छात्र रहे हैं। कॉलेज के समय उनकी सुधाकर पसुपुनुरी और चरण पद्मराजू से मुलाकात हुई। फिर तीनों घनिष्ठ दोस्त बन गए। कई संस्थानों में काम का अनुभव पाने के बाद तीनों दोस्तों ने सिर्फ 5 लाख रुपये के शुरुआती निवेश के साथ रेडबस को शुरू करने का फैसला किया। यह बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म है। इसका वर्तमान मूल्य करीब 7,000 करोड़ रुपये है।

2013 में रेडबस को दक्षिण अफ्रीका के नैस्पर्स और चीन के टेनसेंट के ज्वाइंट वेंचर इबिबो ग्रुप ने 828 करोड़ रुपये के सौदे में खरीद लिया था। फणींद्र के नेतृत्व में रेडबस ने भारत में बस टिकटिंग सिस्टम में क्रांति ला दी। इससे यह अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी हो गई। रेडबस शुरू करने से पहले फणींद्र टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स में इंटीग्रेटेड सर्किट के डिजाइनर के रूप में काम करते थे। प्रमुख निवेशकों के समर्थन से रेडबस जल्दी ही उद्योग में मार्केट लीडर बन गई।

### परोपकार की गतिविधियों में भी आगे

बेशक, 2013 में रेडबस का अधिग्रहण हो गया। लेकिन, अधिग्रहण के बाद भी वह काफी समय तक रेडबस के साथ जुड़े रहे। सफल उद्यमी होने के साथ फणींद्र सामाजिक पहल और परोपकार गतिविधियों में भी सक्रिय हैं। तेलंगाना के चीफ इनोवेशन ऑफिसर के रूप में उनकी विशेषज्ञता ने शासन में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी कार्यान्वयन को बढ़ाने में योगदान दिया है।

## सुवेन ने भारत में इंटीग्रेटेड फार्मा सीडीएमओ लीडरशिप कायम करते हुए कोहांस लाइफसाइंसेज के विलय की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** सुवेन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ('सुवेन') और कोहांस लाइफसाइंसेज लिमिटेड ('कोहांस') ने आज कोहांस के सुवेन के साथ विलय के लिए एक प्रस्तावित योजना की घोषणा की। यह सुवेन की कारोबारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, जो स्केलिंग के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, लगातार आमदनी सुनिश्चित करता है, कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करता है, और इंटीग्रेटेड अनुबंध विकास और विनिर्माण संगठन (सीडीएमओ) क्षेत्र में लीडरशिप कायम करने की दिशा में आगे बढ़ता है। कोहांस एक अग्रणी सीडीएमओ और मर्चेंट एपीआई प्लेटफॉर्म है, जिसके पास चुनिंदा निम्न-मध्यम मात्रा वाले मॉलिक्यूल्स में ग्लोबल लीडरशिप के साथ-साथ इसके एंटीबॉडी ड्रग कंजुगेट्स (एडीसी) प्लेटफॉर्म के रूप में अद्वितीय क्षमताएं हैं। उनका सीडीएमओ सेगमेंट वित्त वर्ष 2020-23 में 30 प्रतिशत से अधिक के बेहतर सीएजीआर से बढ़ा है ।

## नीति अग्रवाल और पाथ इंडिया लिमिटेड टेनिस बॉल क्रिकेट में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए निवेश करेंगे और इसे आगे बढ़ाएंगे

**भोपाल ।** इंदौर की उद्योगपति नीति अग्रवाल ने पाथ (प्रकाश एस्फाल्टिंग्स एंड टोल हाईवेज) इंडिया लिमिटेड के निदेशक निपुण अग्रवाल के साथ मिलकर इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में अपनी टीम माझी मुंबई के लिए महान अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ मिलकर महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत के पहले टेनिस बॉल टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट आईएसपीएल के उद्घाटन सत्र में 1165 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ सभी उद्योगों की मशहूर हस्तियों और बिजनेस दिग्गजों ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है। इच्छुक क्रिकेटरों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने वाली लीग ने भारत में क्रिकेट के परिदृश्य में क्रांति लाने की जबरदस्त क्षमता का प्रदर्शन किया है। आईएसपीएल के लिए 18 लाख से अधिक क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 350 को शॉर्टलिस्ट किया गया था।

## आईआईएफएल फाईनेंस के लेडीज फर्स्ट गोल्ड लोन मेला में गोल्ड लोन लेने वाली महिलाओं को पुरस्कार दिए जाएंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस ने केवल महिला ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय 'लेडीज फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला अभियान पेश किया है। अपनी तरह के इस अनोखे अभियान में 5 मार्च से 12 मार्च, 2024 के बीच भारत में किसी भी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा से गोल्ड लोन लेने वाली महिला ग्राहकों को जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है। इसके अलावा आईआईएफएल फाईनेंस विजेताओं को बंपर पुरस्कार भी प्रदान करेगा, जिसमें सोने के सिक्के शामिल हैं।




आईआईएफएल फाईनेंस में हेड, गोल्ड लोन बिजनेस, श्री सौरभ कुमार ने कहा, 'महिला उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए आईआईएफएल फाईनेंस में हमने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत का पहला गोल्ड लोन मेला लॉन्च किया है, जो महिला ग्राहकों के लिए समर्पित है। हम भारत में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हैं कि वो अपनी नजदीकी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा में आएं, और कम ब्याज दर एवं निश्चित उपहार के साथ गोल्ड लोन प्राप्त करें।'' आईआईएफएल फाईनेंस लोन एस्सेट के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन कंपनी है। आईआईएफएल फाईनेंस से लोन लेने वाले 85 लाख ग्राहकों में 25 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक महिलाएं हैं, और उनकी संख्या बढ़ती जा रही है क्योंकि बढ़ती अर्थव्यवस्था में और ज्यादा महिलाएं उद्यमिता का मार्ग अपना रही हैं। गोल्ड भारत में हर महिला का अभिन्न हिस्सा होता है, और यह गोल्ड लोन फाईनेंस की मदद से उद्यमिता का सपना पूरा करने में काफी कारगर साबित हुआ है।

यह अभियान 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आस-पास की अवधि में चलाया जा रहा है। आईआईएफएल फाईनेंस की भारत में 4,600 शाखाएं हैं। यह कंपनी के ब्रांड एवं व्यवसायिक सिद्धांत, 'सीधी बात' के साथ पारदर्शी व्यवहार के लिए मशहूर है।

आईआईएफएल फाईनेंस पूरे साल गोल्ड लोन मेला लगाता है, और अपने मौजूदा एवं नए ग्राहकों तक पहुँचकर उन्हें आकर्षक ब्याज दरों पर गोल्ड लोन प्रदान करता है। साथ ही, यह आभारस्वरूप उन्हें पुरस्कार भी देता है। आईआईएफएल फाईनेंस भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी संस्थानों में से एक है। इसके पास 77,000 करोड़ रु. से ज्यादा के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं। आईआईएफएल फाईनेंस भारत में बैंकिंग से वंचित और बैंकिंग की कमी वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है। 31 दिसंबर, 2023 के अंत तक आईआईएफएल फाईनेंस के पास 24,692 करोड़ रु. की गोल्ड लोन बुक थी, जिससे 35 प्रतिशत की मजबूत साल-दर-साल वृद्धि प्रदर्शित होती है।

## लैंक्सेस इंडियाने झागड़ियासाइट पर रेनोडीव प्रोडक्शन प्लांट का विस्तार पूरा किया

### रेनोडीव के लिए झागड़िया प्लांट में बीयू रीन केमी की नई प्रोडक्शन लाइन की शुरुआत

**मुंबई, एजेंसी।** स्पेश्यिलटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने 1 फरवरी 2024 को झागड़िया में रेनोडीव0 की प्रोडक्शनलाइनके संचालन और विस्तार का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस नए संयंत्र के साथ कंपनी की रीन केमी बिजनेस यूनिट की उत्पादन क्षमता उल्लेखनीय ढंग से बढ़ गई है।यह भारतीय उपमहाद्वीप और एशियाई टायर और रबर मार्केट की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा।

नई प्रोडक्शन यूनिट में आधुनिक उपकरणों और तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इससे लैंक्सस उच्च गुणवत्ता के टेक्नोलॉजी टायर रिलीज एजेंट्स का उत्पादन ज्यादा दक्षतापूर्वक कर पाएगा। लैंक्सेस का इसी तरह का एक दूसरा प्लांट अर्जेंटीना में भी है।

हाई-परफॉर्मेंस टायर्स और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स का उत्पादन पूरी तरह से प्रभावी रिलीज एजेंट्स के इस्तेमाल पर निर्भर करता है। टायरों औरमोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स के उत्पादन के लिए निर्माण की प्रक्रिया में सावधानी और स्क्रैप की कम दरें काफी महत्वपूर्ण है। रेनोडीव रिलीज एजेंट्स पूरी तरह से पानी पर आधारित, घुलनशील विशेषताओं और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) से मुक्त है। इस तरह, यह पर्यावरण के अनुकूल है। लैंक्सेस रीन केमी बिजनेस यूनिट प्रोसेस चेन के हर चरण में सोल्यूशंस के साथ मार्केट की समझ, उत्पादन के ज्ञान के साथ



उपभोक्ताओं की हर तरह से मदद के लिए संपूर्ण सेवाएं मुहैया कराती हैं। लैंक्सेस एजी के सीईओ और बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन मैथियास जैशर्ट ने कंपनी में हो रही नई विकास गतिविधियों पर कहा,भारत हमारे लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह रणनीतिक उपलब्धि क्षेत्र के हमारे मूल्यवान उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की झलक देती है। इस नए प्लांट से न केवल कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि इससे भारतीय मार्केट की असीम क्षमता में हमारा भरोसा भीदिखेगा।'' रीन केमी बिजनेस यूनिट के ग्लोबल हेड डॉ. जेंस हेंड्रिक फिशर ने कहा,झागड़िया साइट पर हमारी रेनोडीव0प्रोडक्शनलाइन का विस्तार लैंक्सेस इंडिया की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रबर इंडस्ट्री के विश्वसनीय भागीदार के रूप में यह हमारी स्थिति को मजबूत करता है और नवाचार और स्थिरता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन करता है।

# शोएब अख्तर तीसरी बार बने पिता, पत्नी रुबाब खान के साथ बेटी का किया स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर तीसरी बार पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी ने शुक्रवार को बेटी को जन्म दिया है। शोएब अख्तर और रुबाब ने साल 2014 में शादी की थी। शादी के बाद उनके घर साल 2016 में मिकाइल अली तो 2019 में मोहम्मद मुजद्दिद अली ने जन्म लिया। अब अख्तर बेटी नूरेह अली अख्तर के पिता बन गए हैं।



रावलपिंडी एक्सप्रेस ने अख्तर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर लिखा- मिकाइल और मुजद्दिद की अब एक छोटी बहन है। अल्लाह ताला ने हमें एक बेटी का आशीर्वाद दिया है। नूरेह अली अख्तर का स्वागत करते हुए, जिनका जन्म जुम्मा की नमाज़ के दौरान, 19 शाबान, 1445 हिजरी में हुआ था। 1 मार्च, 2024 आप सबकी दुआओं का तालाब गार।

शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के लिए साल 1997 में डैब्यू किया था और 2011 में उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला खेला था। उन्होंने टेस्ट, वनडे और टी20ई में क्रमशः 178, 247 और 19 विकेट लिए। इसके बाद वह क्रिकेट कमेंट्री करते नजर आए। इसके अलावा वह अपने यूट्यूब चैनल पर एक्सपर्ट व्यू देने के लिए भी जाने जाते हैं।

बता दें कि शोएब और रुबाब खान ने 2014 में करीबी दोस्त और परिवार के बीच एक निजी समारोह में शादी की थी। उनकी शादी की बातचीत तब शुरू हुई जब अख्तर 2013 में सऊदी अरब में हज कर रहे थे। यहीं पर रावलपिंडी एक्सप्रेस ने रुबाब के पिता से मुलाकात की और उनसे उनके लिए लड़की ढूंढने को कहा। वहीं, रुबाब के पिता ने अपनी बेटी का हाथ देने की पेशकश की थी। रुबाब शोएब से 18 साल छोटी है। लेकिन बावजूद इसके पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शादी के लिए मान गए थे।

# आईपीएल से इस साल भी संन्यास नहीं लेंगे धोनी




## बचपन के दोस्त ने किया खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

महेंद्र सिंह धोनी के बचपन के दोस्त परमजीत सिंह ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान के भविष्य पर सभी अटकलों को खत्म कर दिया है। ऐसी खबरें थीं कि माही अपनी उम्र और घुटने की समस्या के कारण आईपीएल 2024 के बाद अलविदा कह सकते हैं। पिछले सीजन में महेंद्र सिंह धोनी घुटने की समस्या से पीड़ित रहे थे। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाई थी।

बहरहाल, धोनी के दोस्त ने कहा कि वह टूर्नामेंट खेलने के लिए पूरी तरह फिट हैं। अभी उसके संन्यास लेने की संभावना नहीं है। वह अगले दो सीज़न खेलने के लिए पर्याप्त रूप से फिट हैं। वह आईपीएल 2025 भी खेलते नजर आएंगे। बता दें कि धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक है। वह अपनी टीम को 5 खिताब जितवा चुकी है। धोनी ने 2022 सीजन में कप्तानी भी छोड़ी थी लेकिन बीच सीजन में उन्होंने दोबारा कमान संभाल ली थी।

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 2023 सीजन शानदार रहा था। इस दौरान धोनी के नेतृत्व में चेन्नई ने शानदार प्रयास किया। फाइनल मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला गया था जिसमें चेन्नई ने रविंद्र जडेजा की शानदार पारी की बदौलत जीत हासिल की थी। इसी के साथ धोनी रोहित शर्मा की तरह आईपीएल में पांच खिताब जीतने वाले कप्तान बन गए।

फिलहाल धोनी हाल ही में सीएसके के प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए थे। उनके जल्द टीम के साथ प्रैक्टिस करने की संभावना है। उन्होंने अब तक 377 टी20 मैचों में 37.86 की औसत से 7271 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 134.49 है जबकि उनके बल्ले से 28 अर्द्धशतक भी निकले हैं।

# युवराज सिंह बीजेपी से लड़ेंगे चुनाव या नहीं, ट्वीट कर खुद ही दिया स्पष्टीकरण



भारतीय क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव लड़ने की खबरों को अफवाह मात्र करार दिया है। बीते दिनों ही खबर आई थी कि नवजोत सिंह सिद्धू के साथ युवराज सिंह जल्द ही भाजपा ज्वाइंन करने वाले हैं। भाजपा युवराज को सन्नी देओल की जगह गुरदासपुर से चुनाव लड़वाने की तैयारी कर रही है। अब इन खबरों पर युवराज ने खुद ही आगे आकर अपनी बात रख दी है। कई क्रिकेट दिग्गज पहले ही राजनीति में उतर चुके हैं ऐसे में युवराज से भी ऐसी उम्मीद की जा रही थी लेकिन भारत के पूर्व ऑलराऊंडर ने इस तरह की सभी संभावनाओं से इंकार कर दिया है।

बहरहाल, युवराज सिंह ने एक्स पर डाली पोस्ट में लिखा- मीडिया रिपोर्टों के विपरीत मैं गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मेरा जुनून विभिन्न क्षमताओं में लोगों का समर्थन करना और उनकी मदद करना है, और मैं अपने फाउंडेशनयुवेकैन के माध्यम से ऐसा करना जारी रखूंगा। आइए अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ मिलकर बदलाव लाना जारी रखें।बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार इस साल बीजेपी के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। सूत्रों की मानें तो खिलाड़ी कुमार को बीजेपी चांदनी चौक से टिकट दे सकती है। इसके अलावा भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह भी लोकसभा चुनाव में बीजेपी की तरफ से आसनसोल सीट से लड़ सकते हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा जल्द ही लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर सकती है।

# गोल्फ- इंडियन ओपन 28 मार्च से होगा शुरू

**नई दिल्ली**– देश का राष्ट्रीय ओपन और प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट इंडियन ओपन लौट आया है। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में 28 मार्च से 31 मार्च तक इसका आयोजन होगा।



हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल ने कहा कि 2 दशकों से अधिक समय से, हीरो इंडियन ओपन ने भारतीय गोल्फ की आधारशिला के रूप में काम किया है, जो हमारे देश की गोल्फिंग भावना को विशिष्ट रूप से प्रस्तुत करता है। मार्गदर्शक की भूमिका निभाने से मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है। मुझे विश्वास है कि हम इस प्रतिष्ठित आयोजन को सफलता और मान्यता के अभूतपूर्व स्तर की ओर ले जाना जारी रखेंगे। हम सभी भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं, आशा करते हैं कि यह सप्ताह उत्साहजनक और विश्व स्तरीय गोल्फ से भरा रहेगा। भारतीय गोल्फ संघ के अध्यक्ष बृजिंदर सिंह ने कहा कि हीरो इंडियन ओपन भारतीय गोल्फ कैलेंडर का शिखर रहा है क्योंकि भारतीय गोल्फ यूनियन सबसे व्यापक शौकिया कार्यक्रमों में से एक को बढ़ावा देने और चलाने का प्रयास करता है। डीपी वर्ल्ड टूर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीथ पेले ने कहा कि हम ऐतिहासिक हीरो इंडियन ओपन के 57वें संस्करण के लिए एक बार फिर भारत का दौरा करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। टूर्नामेंट ने पिछले साल हमारे कार्यक्रम और हमारे सदस्यों के लिए बहुत ही स्वागत योग्य वापसी की है। इस महीने के अंत में दिल्ली लौटने की उम्मीद कर रहे हैं।

# पोलार्ड पीएसएल के बीच पहुंच गए भारत

**नईदिल्ली,एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के धाकड़ ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग कार्यक्रम के लिए भारत पहुंच गए हैं। पोलार्ड एक दिन पहले तक पाकिस्तान के कराची में थे। वह पाकिस्तान सुपर लीग 2024 में कराची किंग्स की तरफ से खेल रहे हैं। 29 फरवरी को कराची किंग्स का क्वेटा ग्लेडियेटर्स के साथ मैच था। इस मैच के बाद वह 1 मार्च को देर शाम गुजरात के जामनगर पहुंचे हैं। हालांकि माना यह जा रहा था कि पोलार्ड पाकिस्तान सुपर लीग में व्यस्तता के कारण शायद वह प्री वेडिंग कार्यक्रम में नहीं आ पाएंगे, लेकिन उनकी टीम कराची किंग्स का अगला मैच 3 मार्च को है। ऐसे में उन्होंने भारत का आने का फैसला किया है।

## आईपीएल से संन्यास ले चुके हैं पोलार्ड

बता दें कि कायरन पोलार्ड इंडियन प्रीमियर लीग में लंबे समय तक मुंबई इंडियंस के खेल चुके हैं। पोलार्ड ने कई बार अकेले दम पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि आईपीएल में पिछले कुछ सीजन से उन्हें मौका नहीं मिल रहा था जिसके कारण उन्होंने इस लीग से ही उन्होंने संन्यास लेने का फैसला कर लिया।

# ग्रेस हैरिस की तूफानी पारी, यूपी वारियर्स की बड़ी जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बेंगलुरु के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग के तहत खेले गए मुकाबले में यूपी वारियर्स ने गुजरात जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। गुजरात की शुरूआत सधी हुई रही थी। मध्यक्रम में फोएबे लिचफील्ड ने 35 तो एश्ले गार्डनर ने 30 रन बनाकर स्कोर 142 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी यूपी को एलिसा हेली ने तेजतर्रार शुरूआत दी थी। लेकिन मध्यक्रम में ग्रेस हैरिस ने टीम को संभाला। उन्होंने गुजरात के सभी गेंदबाजों की खबर ली और स्कोर 100 से पार लगाया। हेरिस के आक्रमक शॉट्स का गुजरात के गेंदबाजों के पास जवाब नहीं था। इसलिए यूपी ने 15.3 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। हैरिस ने 60 रन बनाए।

गुजरात को ओपनर लौरा वोल्वाईट और कप्तान बेथ मूनी ने सधी हुई शुरूआत दी थी। वोल्वाईट ने 26 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 28 रन बनाए वहीं, मूनी ने 16 गेंदों पर 16 रन बनाए। हरलीन देओल ने 24 गेंदों पर 18 रन बनाए। फोएबे लिचफील्ड ने रन आऊट होने से पहले 26 गेंदों पर 4 चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाए। एश्ले गार्डनर ने 17 गेंदों 4 चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए और स्कोर 142 तक पहुंचा दिया।

# बंदर को पीठ से हटाने की खुशी है- आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत पर बोले आयरिश कप्तान बालबर्नी

**अबू धाबी** –आयरलैंड को पहली टेस्ट जीत दिलाने के बाद कप्तान एंड्रयू बालबर्नी खुश थे। उन्होंने मैच के बाद उदाहरण देते हुए कहा कि वह बंदर को पीठ से हटाकर बहुत खुश हैं। आयरलैंड के लिए टेस्ट में जीत हासिल करना टेढ़ी खीर बनी हुई थी। आखिरकार अबूधाबी में अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट में हराकर जब उनकी टीम ने इतिहास बनाया तो उनके मुख से यह शब्द निकले। उन्होंने टेस्ट जीत न पाने की समस्या से निजात मिलने पर खुशी जताई।



आयरलैंड ने 2018 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट खेला था लेकिन इसके बाद से वह जीत के इंतजार में थे। बलबर्नी ने अफगानिस्तान पर छह विकेट की जीत के बाद कहा कि मैं इस जीत पर विश्वास नहीं कर सकता। यह बिल्कुल सही है। आप इस पूरे समूह से पूछें कि यह कितना खास है! हमारे बहुत से लोगों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला। उम्मीद है, घर पर लोग टेस्ट क्रिकेटर बनना चाहते हैं। हम जानते थे कि यह संघर्षपूर्ण चीजें होंगी... यह सिर्फ एक हरफनमौला प्रदर्शन है। हम बिल्कुल उत्साहित हैं। आपको यह देखना होगा कि कार्यक्रम कितना व्यस्त है। दुनिया में बहुत सारा क्रिकेट चल रहा है। हम आयरिश कप्तान ने कहा कि परिणाम पैदा किए हैं और इतिहास रचा है। बंदर पीछे है। ऐसा करना बहुत खास है।

आयरलैंड 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जल्दी ही लड़खड़ा गया था। इस पर कप्तान बालबर्नी ने कहा कि हम एक साझेदारी दूर थे। जाहिर है, थोड़ी घबराहट थी, हम अपनी पहली जीत का पीछा कर रहे थे। एकमात्र टेस्ट में दोनों पक्षों के बीच का अंतर शुरुआती दिन, विशेषकर तेज गेंदबाजों द्वारा किया गया शानदार और क्लिनिकल गेंदबाजी प्रयास था। मार्क अडायर ने पांच विकेट लिए जिससे आयरिश खिलाड़ियों ने अफगानों को 155 रन पर समेट दिया।

दूसरी पारी में अडायर और बैरी मैक्कार्थी की तेज गेंदबाज जोड़ी ने फिर से मिलकर अफगानों को प्रतियोगिता में वापस आने से रोक दिया।

बालबर्नी ने कहा कि मार्क अनुशासित थे। एक टेस्ट में 20 विकेट लेना एक उपलब्धि है और दूसरी बार ऐसा करना बहुत खास है। एकमात्र टेस्ट में शीर्ष पर आने के बाद, आयरलैंड अब तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में अफगानों से भिड़ेगा, जो 7 मार्च से शुरू होगी। 50 ओवरों की श्रृंखला के बाद 15 मार्च से तीन मैचों की टी20ई श्रृंखला शुरू होगी।

# फॉर्च्यून बरिशाल बना विजेता, कोमिला विक्टोरियन को फाइनल में हराया

बांग्लादेश प्रीमियर लीग 2024 फॉर्च्यून बरिशाल के नाम हो गई है। ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में फॉर्च्यून ने कोमिला विक्टोरियन को 6 विकेट से हरा दिया। कोमिला ने पहले खेलते हुए मेहंदी इस्लाम के 35 गेंदों पर 38, जाकिर अली के 20 तो आंद्रे रसेल के 14 गेंदों पर 27 रन की बदौलत 154 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी फॉर्च्यून बरिशाल ने ओपनर तमित इकबाल (39) और मेहदी हसन मिराज (29) की बदौलत तेजतर्रार शुरूआत की। इसके बाद कायल मायर्स ने 30 गेंदों पर 46 रन बनाकर टीम को जीत की ओर धकेल दिया। फॉर्च्यून बरिशाल बीपीएल की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने 12 में से केवल 7 मुकाबले जीते थे लेकिन फाइनल में उन्होंने 12 में से 8 मुकाबले जीतने वाली कोमिला को हरा दिया।



कोमिला की शुरूआत खराब रही। ओपनर सुनील नेरेन 5, कप्तान लिटन दास 16 तो तौहीद 15 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद जॉनसन चार्ल्स भी 17 गेंदों पर 15 रन बनाकर आऊट हो गए। मध्यक्रम में मेहदी इस्लाम ने 35 गेंदों पर दो चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर टीम को राहत दी। प्रमुख ऑलराऊंडर मोईन अली जब 3 रन बनाकर आऊट हो गए तो जाकिर अली और आंद्रे रसेल ने मोर्चा संभाला। जाकिर ने 20 रन बनाए तो आंद्रे रसेल ने 14 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से 27 रन बनाए और स्कोर 154 तक पहुंचा दिया।

फॉर्च्यून की ओर से गेंदबाजी करते हुए कायल मायर्स ने 26 रन देकर 1, सैफुद्दीन ने 37 रन देकर 1, जेम्स फुलर ने 43 रन देकर 2 विकेट लीं।

# श्रेयस की रणजी में वापसी पर कप्तान अजिंक्य रहाणे ने किया कमेंट

**मुंबई** –बीसीसीआई द्वारा केंद्रीय अनुबंध से बाहर करने के चलते श्रेयस अय्यर चर्चा में है। माना जा रहा है कि अय्यर ने जान बूझकर रणजी ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल छोड़ा था। इसी बीच मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध संबंधित विवाद को पीछे छोड़कर शनिवार से यहां तमिलनाडु के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी ट्राफी सेमीफाइनल में टीम के लिए धमाकेदार प्रदर्शन करें। श्रेयस के साथ झारखंड के इशान किशन को भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सालाना केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपनी टीम के लिए रणजी ट्राफी मैच में नहीं खेले थे। श्रेयस पीठ की दर्द की शिकायत के कारण बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टरफाइनल में नहीं खेले थे।



रहाणे ने कहा कि वह काफी अनुभवी खिलाड़ी है। जब भी वह मुंबई के लिए खेले हैं, उनका योगदान शानदार रहा है। सेमीफाइनल के लिए हमारी टीम में उनकी मौजूदगी शानदार है। रहाणे ने कहा कि तमिलनाडु के खिलाफ श्रेयस को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए किसी तरह की प्रेरणा या सलाह की जरूरत नहीं है।उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उसे किसी तरह की सलाह या प्रोत्साहन की जरूरत है। उसने मुंबई के लिए हमेशा बल्ले से योगदान दिया है और ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी से अन्य खिलाड़ियों को भी टीम के लिए योगदान करने में मदद मिलेगी।

